बिलासपुर, शनिवार, 13 जनवरी 2024

haribhoomi.com



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

प्रदेश के किसानों के उत्तरोत्तर विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी हमारी सरकार: मुख्यमंत्री

## दो ट्रक हरी सब्जियां अयोध्या धाम के लिए रवाना

### दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कुम्हारी द्वारा कृषि मेले का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित तमाम मंत्री भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो दिवसीय इस किसान मेले का उद्घाटन किया। ▶▶| शेष पेज 5 पर

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही शेष

## मोदी ने शुरू किया 11 दिन का विशेष अनुष्ठान, मंदिर में बजाए झांझ-मंजीरे

एजेंसी ▶▶| नासिक



अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करने से 11 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। मैं आज से 11 दिन का विशेष ▶▶| शेष पेज 5 पर

### राममंदिर मॉडल की कीमत 200 से एक लाख तक

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में अलग ही उत्साह है। पीतलनगरी मुरादाबाद में पीतल से राम मंदिर और राम की मूर्ति तैयार की गई हैं। इनकी देशभर में डिमांड है। राम मंदिर के मॉडल अलग-अलग साइज में मिल रहे हैं, जिनकी कीमत 200 रुपये से लेकर 1 लाख तक है। राम मंदिर के साथ रामजी और प्रधानमंत्री ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मंदिर में लगाया पोछा



#### स्वच्छता अभियान की अपील

महाराष्ट्र दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक के कालाराम मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर परिसर में पोछा लगाया। उनके श्रमदान का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह बाल्टी और पोछा लेकर मंदिर परिसर को साफ करते दिख रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने मराठी में रामायण के श्लोक भी सुने। नासिक के तपोवन मैदान में राष्ट्रीय युवा महोत्सव को संबोधित करते हुए देश के लोगों से 22 जनवरी तक मंदिरों में श्रमदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों, मंदिरों की साफ-सफाई करें और स्वच्छता अभियान चलाएं।

#### उज्जैन से अयोध्या भेजे जाएंगे 5 लाख लड्डू

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ऐलान किया है कि महाकाल की नगरी उज्जैन से 5 लाख लड्डू अयोध्या भेजे जाएंग इन्हें प्रसाद के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। सीएम यादव ने कहा,'आज जो राम मंदिर बन रहा है, वह पुराना भगवान राम और अयोध्या का प्रसंग था, हम तो सौभाग्यशाली हैं जो उस दृश्य को देखेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आप के संजय, स्वाति गुप्ता निर्विरोध जीते

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्य सभा उम्मीदवार संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता ने शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर आशीष कुंद्रा से अपना सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। तीनों ने निर्विरोध जीत दर्ज की है। अब उनका राज्य सभा जाना तय है। 8 जनवरी को तीनों ने राज्यसभा के अपना नॉमिनेशन फाइल किया था।

### 40 करोड़ की कोकीन सहित महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर एक 21 साल की महिला को 40 करोड़ रुपए की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है।



महिला के पास थाईलैंड की नागरिकता है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने बताया कि महिला की जब तलाशी ली गई तो उसके बैग के नीचे बनाई गई एक विशेष जगह में कोकीन को छुपाया गया था।

कांग्रेस नेता नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद सहित 11 आरोपी गिरफ्तार

## कांग्रेस नेताओं ने रची थी साजिश, भाजपा नेता की हत्या के लिए दी थी सात लाख की सुपारी

*8 जनवरी की रात भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष, पार्षद व विधायक के चुनाव संचालक असीम राय की हत्या के मामले में नगर पंचायत पखांजूर के अध्यक्ष व कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी के चुनाव संचालक बप्पा गांगुली, पार्षद विकासपाल सहित ग्राम पंचायत चांदीपुर के उपसरपंच सहित अन्य आठ सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन सभी ने हत्या की योजना रची थी, रेकी की थी और 7 लाख रुपए देकर शूटर को सुपारी दी थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

इस मामले में पुलिस ने उपयोग की गई बाइक और साढ़े 3 लाख रुपए कि राशि जब्त की है। गोली मारने वाला मुख्य शूटर सहित हत्या में उपयोग हुआ कट्टा अभी पुलिस जब्त नहीं कर पाई है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व नगर पंचायत के पार्षद ने भाजपा सरकार आते ही नगर पंचायत पखांजुर के अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आवेदन दिया था, उसी दिन से तनातनी का खेल शुरू हो गया था।

- गोली मारने वाला मुख्य शूटर फरार, दो टीम खोजने में जुटी

**मुख्य आरोपी था नाराज :** मामले ▶▶| शेष पेज 5 पर

### हत्या में उपयोग में लाई गई मोटर साइकिल व नगद साढ़े तीन लाख जब्त





मृतक के पिता



मृतक की पत्नी

#### 2014 में भी मारी गई थी गोली

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि इस मामले में तीनों मुख्य आरोपियों ने अन्य लोगों से सम्पर्क किया। इस मामले में आरोपी तपन मंडल, सुजीत मांझी ने रेकी का काम किया। रिपन सडियाल और सुरजीत बाला से संपर्क किया गया। ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### लॉज टूटने का था डर

विकास पाल नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा की टिकट पर पार्षद का चुनाव जीता था और इसके तुरंत बाद वह कांग्रेस का समर्थन करते हुए उनके साथ दिया था। इस समय से ही विकास पाल के साथ असीम राय का विवाद शुरू हो गया था। वर्तमान में उन्हें डर था की उनके द्वारा जो शासकीय भूमि में लॉज बनाया गया है, उस पर असीम राय बुलडोजर चलवा देंगे।

#### ये गिरफ्तार

हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पखांजूर के नगर पंचायत अध्यक्ष व कांग्रेस नेता बप्पा गांगुली पिता स्व. आशुतोष गांगुली, नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद विकास पाल स्व. विजय पाल तथा ग्राम पंचायत चांदीपुर के उप सरपंच जितेन्द्र बैरागी दिनबंधु बैरागी (37), निवासी चांदीपुर, सोमेन्द्र कुमार मंडल पिता स्व. श्यामल मंडल (33) वर्ष नयाबाजार पखांजूर, नीलरत्न मंडल पिता ठाकुर दास मंडल (34), पी.व्ही.आई. 125 बैकुण्ठपुर, जयंत विश्वास पिता जगदीश विश्वास (33) साकिन पी.व्ही. 17 रविन्द्रनगर, रीपन सदियाल पिता स्व. रमेश सदियाल (42) साकिन पी.व्ही. 36 चांदीपुर,सुरजीत बाला पिता ▶▶| शेष पेज 5 पर

निगम भर्तियों में घोटाले का आरोप

## बंगाल के एक और मंत्री व टीएमसी नेताओं के घर ईडी का छापा

- केंद्रीय बलों के साथ दी दबिश



एजेंसी ▶▶| कोलकाता


प्रवर्तन निदेशालय ने नगर निकायों में भर्तियों में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में बोस के दो आवासों पर छापे मारे।

सेवा मंत्री बोस पर लगे हैं ये आरोप- दरअसल, बंगाल सरकार में मंत्री बनने से पहले बोस 2010 से 2021 तक दक्षिण दमदम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। इसी दौरान 2014 और 2016 के बीच लगभग 250 ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### दोनों घोटालों के बीच है संबंध- जांच एजेंसियां

बता दें कि पिछले साल कोलकाता हाई कोर्ट ने नगरपालिका नियुक्तियों में कथित घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगाने की राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। जांच एजेंसियों ने हाई कोर्ट को बताया था कि नगर निकाय भर्ती घोटाले और पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा विभाग में नौकरी के लिए रिश्वत घोटाले के बीच संबंध थे। नौकरी के बदले रिश्वत घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## कैंप जा रहे जवानों के काफिले में आतंकियों ने की फायरिंग



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर के कृष्णाघाटी इलाके में शुक्रवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों के काफिले पर फायरिंग की। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सुरक्षाबलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे जंगल को घेर लिया है और सावधानी से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से संयुक्त तलाशी अभियान जारी है।

#### वाहन से वापस कैंप जा रहे थे जवान

अधिकारियों ने बताया कि जिन वाहनों पर हमला हुआ, वे सुरक्षाकर्मियों को वापस कैंप में ले जा रहे थे। सेना के काफिले पर यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी समेत हाई रैंकिंग ऑफिसर रणनीति बनाने के लिए पुंछ में हैं।

नया सफ़र नई शुरुआत
VIDA V1 इलेक्ट्रिक स्कूटर पर
₹24,000* तक के ऑफर के साथ मकर संक्रांति का जश्न मनाएं।
2 रिमूवेबल बैट्रीज़ | 110 km** की रियल वर्ल्ड रेंज | 20-डिग्री की इन्क्लाइन कैपेसिटी | 3.2 सेकंड में 0-40 km/h | एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी***



Limited Stocks.
Also available in:
VIDA Powered by Hero
Cash Discount • EMI Benefits • Extended Battery Warranty • Exchange Bonus • Loyalty Bonus for Existing Hero Customers • Corporate Offer
Visit us in **BILASPUR:** Near Nutan Chowk, Seepat Road, Sarkanda — SATYA SERVICES, 9826008646 | Near Maharana Pratap Chowk, Bilaspur — GALAXY MOTORS, 9289922706. *T&C Apply. **Real-world range may vary depending on riding style, road/vehicle conditions, and vehicle models. ***Get an extra 2 years on the 3-year warranty of your VIDA V1 battery.

## पंजाब में दबोचा गया आतंकी रिंदा का हथियार सप्लायर

**चंडीगढ़।** पंजाब के एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एजीटीएफ ने पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर कैलाश खिचन नाम के एक खालिस्तान समर्थक आतंकी को दबोचा है। वह पाकिस्तान और अमेरिका में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर भारत में आतंक मचाने की साजिशों को अंजाम देता था। पंजाब और राजस्थान में उसके खिलाफ यूएपीए समेत कई धाराओं में मामले दर्ज हैं। पंजाब के डीजीपी ने बताया कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल खालिस्तान समर्थक आतंकियों का ही एक समूह है, जो पाकिस्तान और अमेरिका से ऑपरेट किया जाता है। इसकी पूरी प्लानिंग आईएसआई की तरफ से की जाती है। पंजाब में वे नौजवानों बरगलाकर, उन्हें पैसे की लालच देकर दिनदहाड़ें गोलीबारी, हत्याएं और बड़े अपराधों को अंजाम देते हैं।

**हैप्पी पासिया के लिए करता था काम-** पंजाब के डीजीपी ने बताया कि वह पाकिस्तान में रह रहा हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और अमेरिका में रह रहा खालिस्तान समर्थक आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया के लिए काम करता था। आरोपी का एक लंबा क्रिमिनल बैकग्राउंड है। पंजाब और राजस्थान में उसके खिलाफ एक्सटोर्शन, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। फजिलका के एक थाने में आरोपी के खिलाफ यूएपीए के तहत भी केस दर्ज है।

KokilabenHospital KDAHMumbai
www.kokilabenhospital.com
Kokilaben Dhirubhai Ambani
hospital & medical research institute
Every Life Matters
कैंसर के साथ लड़ाई में हम हैं आपके साथ
यूरो-ऑंकोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी- सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में
प्रथम बार



रोबोटिक HIFU (High Intensity Focused Ultrasound)
Sonablate
प्रोस्टेट कैंसर के लिए फोकल थेरेपी
अत्यंत आधुनिक उपचार:
- बिना चीर काट और न्यूनतम दर्द
- न्यूनतम साईड इफेक्ट
- जातीय क्षमता संरक्षण
- मूत्र संबंधी असंयम नहीं
डे केयर/ एक दिन का प्रोसीजर
Contact: Mr Ranjeet Mishra: +91 96997 06506
ओंकोलॉजी में लीडर्स
कैंसर के नियंत्रण, लडने और जीतने के लिए
अधिक जानकारी और वीडियो के लिए वेबसाइट पर विज़िट करें या क्यूआर कोड स्कैन करें.
EMERGENCY +91 22 4269 9999
APPOINTMENTS +91 22 4269 6969
Four Bungalows, Andheri (W), Mumbai 400 053
FULL-TIME DOCTORS

बिलासपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024
haribhoomi.com





*लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम राम मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश-विदेश से राम भक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में उन्हें ठहराने के लिए राम की नगरी अयोध्या में भी टेंट सिटी बनाई जा रही है।*

# अयोध्या में 45 एकड़ में बनी 'टेंट सिटी', रह सकते हैं 12 हजार रामभक्त

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) की पहल से तीर्थ क्षेत्र पुरम यानी पुराना बाग बिजेसी में टेंट सिटी बसाई जा रही है। इसे छह नगरों में बांटा गया है। इन नगरों के नाम मंदिर आंदोलन में जीवन खपाने वाले महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं। बता दें कि अयोध्या से पहले वाराणसी (बनारस) और प्रयागराज (इलाहाबाद) में टेंट सिटी बनाई जा चुकी है।


**22 जनवरी को रामलला का होना है प्राण प्रतिष्ठा समारोह**

**विहिप की पहल से पुराना बाग बिजेसी में बनाया जा रहा है 'तीर्थ क्षेत्र पुरम'**

**6 नगरों में बांटा गया है इस टेंट सिटी को**

### यहां बन रही है टेंट सिटी

4000 संतों और उनके शिष्यों के लिए अयोध्या में राम जन्मभूमि स्थल से सिर्फ 1 किलोमीटर की दूरी पर एक मिनी टेंट सिटी तैयार की जा रही है। ये टेंट सिटी 45 एकड़ एरिया में फैली हुई है। इसमें करीब 12000 लोगों के रहने का इंतजाम किया जा रहा है।



### महापुरुषों के नाम पर रखे गए नगरों के नाम

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी और तीर्थ क्षेत्र पुरम के प्रभारी कोटेश्वर ने बताया कि टेंट सिटी के नगरों के नाम परमहंस रामचंद्र दास, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ, बाबा राम अभिलाष दास, वामदेव जी महाराज सहित वरिष्ठ पदाधिकारी रहे मोरोपंत पिंगले और ओंकार भावे के नाम पर रखे गए हैं। ये सभी संत राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े थे. वहीं, प्रशासनिक भवन क्षेत्र को अशोक सिंघल परिसर नाम दिया गया है।

### मिलेंगी ये सुविधाएं

- टेंट सिटी में संतों के लिए 1450 कमरे तैयार किए गए हैं। हर कमरे में 3 संतों को ठहराया जाएगा
- करीब 300 गाड़ियों की पार्किंग के साथ ही चालकों को ठहराने का अलग इंतजाम है
- अलग-अलग सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए मोबाइल टावर्स भी लगाए गए हैं
- टेंट सिटी के हर नगर में पानी की सप्लाई के लिए दो नलकूप के अलावा 3-3 हजार लीटर का वॉटर टैंक लगाया गया है
- प्रत्येक नगर के लिए 12 हजार लीटर पानी का इंतजाम किया गया है। पूरे परिसर तक आवाज पहुंचाने के लिए साउंड सिस्टम का इंतजाम है
- सेंट्रल ट्रांसमिशन के अलावा हर नगर का अपना सूचना प्रसारण केंद्र होगा
- सूचना प्रसारण केंद्र के जरिए खाने-पीने के लिए साधु-संतों और राम भक्तों को बुलाया जाएगा
- टेंट सिटी के हर नगर में एक बड़ा भोजनालय होगा। सभी भोजनालय को एक संस्था चलाएगी। 6 भोजनालयों में 10000 से 12000 लोगों के खाने-पीने का इंतजाम होगा।

*सरकार ने उठाया सख्त कदम*

## तहरीक-ए-हुर्रियत और मुस्लिम लीग की संपत्ति जब्त करने का निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को पाकिस्तान परस्त अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत और मुस्लिम लीग (जम्मू-कश्मीर) की सभी संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके बैंक खाते और वित्तीय लेनदेन को भी फ्रीज किया जाएगा। सरकार ने हाल में दोनों संगठनों को प्रतिबंधित किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो अधिसूचनाएं जारी कर मुस्लिम लीग (मसरत आलम गुट) को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम-1967 (यूएपीए) के तहत 27 दिसंबर और तहरीक-ए-हुर्रियत को इसी कानून के तहत 31 दिसंबर 2023 को प्रतिबंधित किया था।

### यूएपीए के तहत जब्त की जाएगी संपत्ति

गुरुवार को जारी अधिसूचना के अनुसार यूएपीए की धाराओं में संपत्ति जब्त करने का कार्य राज्य सरकार करेगी। यूएपीए की धारा 7 गैरकानूनी संगठन द्वारा धन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने और धारा 8 गैरकानूनी संगठन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्थानों को अधिसूचित करने से संबंधित है।

### जेल में है मसरत आलम भट

गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के लिए तहरीक-ए-हुर्रियत को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। संगठन की स्थापना गिलानी ने की थी और मसरत आलम भट उसका उत्तराधिकारी बना। भट भारत विरोधी रुख और पाक परस्ती के लिए भी जाना जाता है और मौजूदा समय में जेल में है।

**इंडिया गठबंधन की बैठक आज सीट शेयरिंग सहित कई मुद्दों पर होगी चर्चा**

## नीतीश को गठबंधन का संयोजक बनाने पर बन सकती है सहमति

### खास बातें

- मनमुटाव की खबरों के बीच फिर जुटेंगे 14 पार्टियों के नेता
- सुबह 11:30 बजे होने वाली इस वर्चुअल मीटिंग में होगी आगे की कार्ययोजना तैयार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनावों में बीजेपी की हैट्रिक रोकने की कवायद में जुटी विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन की बैठक कल शनिवार को होनी है। इस बैठक में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एम.के स्टालिन, नीतीश कुमार समेत 14 पार्टियों को नेता बैठक में हिस्सा लेंगे। सुबह 11:30 बजे होने वाली इस वर्चुअल मीटिंग में सभी नेता एक दूसरे से बातचीत करेंगे और आगे की योजना तैयार करेंगे। 13 जनवरी को होने वाली ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कारण, इस बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा तो होगी ही, साथ ही नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाने पर भी सहमति बन सकती है। हालांकि अभी बैठक के एजेंडा का खुलासा नहीं किया गया है। बता दें कि विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन की पहले भी कई बैठकें हो चुकी हैं। पटना, बेंगलुरु और मुंबई के बाद गठबंधन की बैठक दिल्ली में भी हो चुकी है। पहली मीटिंग बिहार के पटना में 23 जून को हुई थी। वहीं दूसरी मीटिंग बेंगलुरु में 17 और 18 जुलाई को हुई थी।

### इधर, बंगाल, यूपी सीट शेयरिंग वाली बैठकें रद्द

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच में सीट शेयरिंग को लेकर होने वाली बैठक रद्द कर दी गई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस पहले बसपा के साथ बैठक करेगी, उसके बाद सपा के साथ मंथन किया जाएगा। अब बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर यूपी कांग्रेस काफी उत्साहित है, लेकिन अखिलेश यादव की तरफ से ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई गई है। पिछली इंडिया गठबंधन की बैठक में उन्होंने कांग्रेस से अपना रुख साफ करने के लिए कहा था। अभी के लिए तो बताया जा रहा है कि कांग्रेस के नेता जरूरत से ज्यादा व्यस्त हैं, इसी वजह से बैठक इस बार नहीं हो पाई। लेकिन अंदरखाने खबर है कि यूपी में भी दूसरे राज्यों की तरह सीट शेयरिंग को लेकर स्थिति साफ नहीं है। यहां भी कांग्रेस ज्यादा सीटें चाहती है, लेकिन सपा उतनी देने को तैयार नहीं।

#### बसपा ने नहीं साफ किया है रुख

वैसे इस पूरी सियासत में बहुजन समाज पार्टी का रुख भी ज्यादा साफ नहीं हुआ है। किसी भी नेता ने सामने से आकर नहीं बोला है कि वो इंडिया गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। कुछ दिन पहले जरूर ऐसी बातें सामने आई थीं कि अगर मायावती को पीएम उम्मीदवार बनाया जाए, वे गठबंधन के साथ जा सकती हैं।

### हो चुकी हैं अलग-अलग बैठकें

बता दें कि राज्यवार सीट बंटवारे को लेकर पार्टियों की अलग-अलग बैठकें भी हो चुकी हैं। अभी तक महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी, आरजेडी और समाजवादी पार्टी के साथ सीट शेयरिंग को लेकर बैठकें हो चुकी हैं। कई राज्यों में कांग्रेस और अन्य पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर पेंच फंसा हुआ है।

### यूपी में फंसता दिख रहा पेंच

अब यूपी में तो पेंच फंसता दिख रहा है, बंगाल में टीएमसी ने सीट शेयरिंग वाली बैठक रद्द कर दी है। असल में टीएमसी ने साफ कर दिया है कि वो कांग्रेस को दो से ज्यादा सीटें नहीं देने वाली है, वहीं कांग्रेस कम के कम सात सीटों पर अपना दावा ठोक रही है। इसी रवैये की वजह से टीएमसी ने सीट शेयरिंग वाली बैठक को रद्द कर दिया।

*यूएन ने लगाई मुहर*

## जेल में घुट-घुट के मरा हाफिज सईद का डिप्टी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई हमले के सबसे बड़े मास्टरमाइंड में से एक और हाफिज सईद के बेहद खास लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य हाफिज



अब्दुल सलाम भुट्टवी की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भुट्टवी की मौत की पुष्टि कर दी है। लेकिन अपने एक बयान में संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट में यह जरूर लिखा गया है कि भुट्टवी की मौत 29 मई 2023 को ही हो गई थी जब पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की जेल में दिल का दौरा पड़ा था। वह उस समय पाकिस्तान सरकार की हिरासत में था। लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि भुट्टवी के मौत से लश्कर-ए-तैयबा की कमर टूट चुकी है और भारत के एक और दुश्मन की मौत हो चुकी है। असल में भुट्टवी पाकिस्तान की जेल में था। उसने मुंबई हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी थी। भुट्टवी के बारे में पाकिस्तानी मीडिया में यह भी बताया गया था कि वह लंबे समय से पाकिस्तान की जेल में टेरर फाइनेंसिंग मामले में सजा काट रहा था।

#### यूएन सिक्योरिटी काउंसिल ने सईद को लेकर यह कहा

चौंकाने वाली बात यह भी है कि संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल ने पिछले महीने आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़े रिकॉर्ड्स में कुछ बदलाव किए हैं। इसमें बताया गया कि आतंकी हाफिज सईद टेरर फंडिंग के 7 मामलों में दोषी साबित हो चुका है और इस वजह से जेल में है। लेकिन कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा चुका है कि मुंबई हमलों का ये मास्टरमाइंड जेल में नहीं है।

### भुट्टवी की मौत की 7 महीने बाद पुष्टि

फिलहाल भुट्टवी की मौत हो चुकी है। लेकिन उसकी 7 महीने बाद पुष्टि हुई है, यह जरूर चर्चा का विषय है। जब उसकी मौत हुई थी तो मीडिया में ज्यादा चर्चा नहीं हो पाई थी क्योंकि पाकिस्तान और वहां के आतंकियों से जुड़ी ख़बरों पर यकीन करना ठीक नहीं होता, वे अक्सर गलत भी साबित जो जाती हैं। कई बार तमाम आतंकी जानबूझकर ऐसी ख़बरें उड़ा देते हैं। लेकिन अब जबकि संयुक्त राष्ट्र ने यह कह दिया है और अपनी वेबसाइट पर इसे जोड़ दिया है तो इसका मतलब है कि वह मर चुका है, इसकी जांच भी हुई होगी।




बिलासपुर

शनिवार, 13 जनवरी 2024

पौष शुक्ल पक्ष द्वितीया

वर्ष : 23, अंक : 323

पृष्ठ : 10+6 = 16, मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 29.8

न्यून. 15.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी









अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प विकसित भारत

मोदी सरकार की गारंटी

अभूतपूर्व गति से राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

पिछले 10 सालों में 91 हज़ार किमी से बढ़कर 1 लाख 46 हज़ार किमी हुआ नेशनल हाईवे नेटवर्क




## खबर संक्षेप

### बीएसएल 'धोखाधड़ी' में ईडी ने पांच को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ईडी ने पूर्व कंपनी भूषण स्टील लिमिटेड के खिलाफ धन शोधन से जुड़े कथित 56,000 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले के संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है उनमें कंपनी के पूर्व बैंकिंग उपाध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी, पूर्व लेखा उपाध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल व अन्य कर्मचारी है। पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी नितिन जौहरी, पूर्व प्रोमोटर नीरज सिंघल के बहनोई अजय मित्तल और बहन अर्चना मित्तल शामिल हैं।

### भारतीय तट रक्षक बल ने 12 मछुआरों को बचाया



**कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल ने यहां कोच्चि की एक नौका को डूबने से बचाया जिसमें 12 मछुआरे सवार थे। नौका का निचला हिस्सा पानी के भीतर क्षतिग्रस्त हो गया था और इसके भीतर बेतहाशा पानी भर गया था। कहा गया है कि 11 जनवरी को कोच्चि के पास मुनंबम बंदरगाह से रवाना हुई नौका 'संजू' में पानी घुस गया था, जिसके बाद वे सहायता की गुहार लगा रहे थे।

### राखी सावंत को नहीं मिली अग्रिम जमानत



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने राखी सावंत को उनसे अलग रह रहे पति द्वारा दायर किए गए एक मामले में अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। उनके पति ने उन दोनों के निजी वीडियो को कथित रूप से लीक करने को लेकर यह मामला दर्ज कराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीकांत वाई भोसले ने सावंत की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### दस लाख का इनामी माओवादी नेता गिरफ्तार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने पुरूलिया जिले से माओवादी नेता सब्यसाची गोस्वामी उर्फ 'किशोर' को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोस्वामी को झारखंड सीमा के पास बाघमुंडी थानाक्षेत्र में चौनिया गांव के पास एक जंगल से बृहस्पतिवार रात को गिरफ्तार किया गया और उसपर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### उप-डाकपाल गिरफ्तार, 3.46 करोड़ की संपत्तियां कुर्क



**नई दिल्ली।** ईडी द्वारा पश्चिम बंगाल में एक उप-डाकपाल को गिरफ्तार कर उसके 3.46 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड और बैंक जमाराशि को धन शोधन जांच के तहत जब्त किया गया है। निवेशकों के कथित फर्जी हस्ताक्षर करके उनकी जमा राशि हड़पने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि वह दूसरों की राशि निकाल लेता था।

सेजबहार बस्ती में किराए के गोदाम में चल रहा था नकली खाद बेचने का कारोबार

# नकली खाद का होलसेल धंधा, यूरिया पोटाश और ग्रोमोर के 500 बोरे सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में नकली खाद बेचने का भंडाफोड़ हुआ है। यह कारोबार शहर से लगी सेजबहार बस्ती में एक किराए के गोदाम में चल रहा था। कृषि विभाग की टीम ने शुक्रवार को इस गोदाम में छापा मारकर यहां से यूरिया, पोटाश एवं ग्रोमोर खाद से भरे 500 से ज्यादा बोरे बरामद किए हैं। इनमें यूरिया मिलावटी पाया गया है, वहीं पोटाश एवं ग्रोमोर के नकली होने की आशंका जताई गई है। प्रारंभिक जांच में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गोदाम में रखे सारे खाद को जब्ती बना लिया गया है। इन सभी खाद का सैंपल जांच के लिए लैब भेजा गया है। जांच के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि ग्राम दतरेंगा में दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग दुकान का संचालक नकली खाद का कारोबार करता है। यह कारोबार वह सेजबहार स्थित गोदाम से करता है। इस शिकायत के आधार पर कृषि विभाग मंत्रालय में पदस्थ सहायक संचालक सुमीत सोरी के नेतृत्व में जिला कृषि विभाग की टीम पुलिस की मौजूदगी में दुकान और गोदाम में छापा मारने पहुंची थी। दुकान ▶▶|शेष पेज 5 पर

## कृषि विभाग ने की छापामार कार्रवाई

### दुकान दिन में बंद देर रात कभी-कभी खुलती थी

ग्राम दतरेंगा चौक के पास संचालित इस दुकान के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि इस दुकान को दिन में खुलते कभी नहीं देखा है, लेकिन रात 11 बजे के बाद कई बार दुकान को खुलते जरूर देखा है। उस दौरान दुकान में बड़ी गाड़ी से बोरी उतारते-चढ़ाते देखा है।





### 3 साल से चला रहा था नकली खाद का कारोबार

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम दतरेंगा निवासी अमित शर्मा ने वर्ष 2021 से दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग के नाम पर खाद एवं कीटनाशक दवा बेचने का लाइसेंस ले रखा है। यह लाइसेंस उसने ग्राम दतरेंगा में दुकान एवं गोदाम खोलने का लिया था। लाइसेंस नियम के अनुसार उसे दुकान व गोदाम दतरेंगा में ही खोलना था। इस नियम के तहत उसने दुकान तो दतरेंगा में खोली थी, लेकिन गोदाम सेजबहार बस्ती स्थित एक किराए के दुकान को बना रखा था जो नियम विरुद्ध है।

### दूसरे राज्यों में भी खपाने की आशंका



विभागीय सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार अमित शर्मा मूलतः ग्वालियर मध्यप्रदेश का रहने वाला है। पिछले कई वर्षों से वह खाद का कारोबार रायपुर में रह कर रहा है। इससे आशंका जताई जा रही है कि नकली खाद का कारोबार राजधानी रायपुर के साथ अन्य कई जिलों तथा राज्यों में भी फैला हो सकता है।

### लाइसेंस निरस्त के साथ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान

अधिकारियों का कहना है, अमानक खाद बेचने के मामले में लाइसेंस निरस्त से लेकर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है। फिलहाल सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **सुमीत सोरी,** सहायक संचालक, कृषि विभाग मंत्रालय

# पॉवर कंपनी नए टैरिफ के लिए सोमवार को आयोग में लगाएगी याचिका

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को समीक्षा बैठक में दी गई पॉवर वितरण कंपनी के काम की पूरी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से भाजपा की सरकार काबिज हो गई है। राज्य पॉवर वितरण कंपनी नए सत्र 2024-25 के लिए बिजली नियामक आयोग को लेखा-जोखा भेजने की कवायद में जुटी है। इस बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में जानकारी ली। इसमें उनको वितरण कंपनी की पूरी जानकारी दी गई।

इस बैठक के बाद अब नए टैरिफ के लिए पॉवर कंपनी सोमवार को बिजली नियामक आयोग में याचिका लगाई। इसमें बताया जाएगा कि पॉवर कंपनी को कितने राजस्व की जरूरत होगी और उनको बिजली बेचने से कितना राजस्व मिलेगा। इसके हिसाब से आयोग नया टैरिफ तय करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि इस साल लोकसभा का चुनाव होना है, ऐसे में कम से कम घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली की कीमत में इजाफा नहीं होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अन्य मुख्यमंत्रियों की तरह ही ऊर्जा विभाग ▶▶|शेष पेज 5 पर

### आयोग को भेजा जाएगा लेखा-जोखा

बिजली नियामक आयोग को राज्य पॉवर वितरण कंपनी अपनी तरफ से साल भर का लेखा-जोखा बनाकर दिसंबर में भेजती है। लेकिन इस बार सरकार में बदलाव के कारण यह लेखा-जोखा दिसंबर में नहीं जा सका है। अब नए सत्र के लिए लेखा-जोखा तैयार करके इसको सोमवार को भेजने की तैयारी है। इसमें कंपनी यह बताएगा कि उसको 2024-25 रे लिए कितने राजस्व की जरूर है। इसी के साथ यह भी बताया जाएगा कि उनको बिजली बेचने के ▶▶|शेष पेज 5 पर

समय पर नहीं मिली मदद

# बाइक पेड़ से टकराई तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

विकासखंड लोहंडीगुड़ा के बड़ांजी थाना अंतर्गत दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे के पश्चात अंधेरा होने के कारण उन्हें समय पर मदद नहीं मिल पाई। जिसके चलते घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दाबपाल में गुरूवार-शुक्रवार की रात्रि लगभग 12 बजे नाट देखकर तीन युवक, जिसमें ▶▶|शेष पेज 5 पर



### परिजनों को सौंपा शव

थाना प्रभारी राकेश राठौर बल के साथ घटनास्थल पहुंचे व 112 की मदद से युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा लाया गया। डॉक्टर ने जांच उपरांत बताया कि तीनों की मृत्यु हो चुकी है। मृतकों में राजूराम नाग (28), गणेश नाग (22) व नाबालिग खीरसागर कश्यप (15) तीनों युवक बड़ांजी टोंगसीगुड़ा निवासी थे। पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

दिसंबर में बढ़कर 5.69 फीसदी


# खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से बढ़ी महंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खाने-पीने की बढ़ती कीमतों से दिसंबर में खुदरा महंगाई दर पिछले महीने के मुकाबले बढ़ गई है। यह 5.69 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि नवंबर में 5.55 प्रतिशत थी।

- नवंबर माह में थी 5 .55 फीसदी

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, नवीनतम आंकड़ों से मुद्रास्फीति दर में (-)0.32 प्रतिशत का अंतर आया है। दिसंबर में खाद्य महंगाई दर भी काफी बढ़ी।



### सब्जी और ईंधन की दरों में वृद्धि

रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर में सब्जियों की महंगाई दर में भी बढ़ोतरी हुई, जो 27.64 प्रतिशत दर्ज की गई। नवंबर में यह 17.7 प्रतिशत थी। वहीं ईंधन और ऊर्जा से जुड़ी महंगाई दर पिछले महीने में (-) 0.77 प्रतिशत की तुलना में (-) 0.99 प्रतिशत कम हुई।

लोग दैविक कृपा मानते हुए पानी को अपने घरों में ले जा रहे

# बरगद का पेड़ काटने पर दो दिन से निकल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

मरोदा रेलवे स्टेशन के पास सालों पुराने एक बरगद के पेड़ काटने पर उससे पानी निकल रहा है। दो दिनों से इस पेड़ से पानी निकलने का क्रम चल रहा है, जो कौतुहल का विषय बना हुआ है। लोग इसे दैविक कृपा मानकर अपने घरों में ले जा रहे हैं और उसका छिड़काव कर रहे हैं तो कोई उसे गंगा जल की तरह बॉटल में सुरक्षित रख रहे हैं।



### स्टेशन विस्तारीकरण के कारण काटा जा रहा पेड़

रेलवे मरोदा स्टेशन का विस्तारीकरण कर रहा है। इसलिए रेलवे ने बरगद के पेड़ को जड़ तक काटने का आदेश दिया है। वर्तमान में रेलवे ने बरगद पेड़ के ऊपरी हिस्से की छंटाई की है। जहां से ही पानी की पतली धार निकल रही है। इधर पेड़ को अब काटने से भी रोकने के लिए स्थानीय लोग लामबंद हो गए हैं।

### वटवृक्ष के नीचे शिव मंदिर भी

खास बात यह है कि पुराणों में बरगद के पेड़ में भगवान ब्रम्हाजी का वास होने का उल्लेख है। लोगों का आस्था इसलिए भी यहां दिखाई दे रहा है कि इस पेड़ के नीचे एक छोटा सा भगवान शिव का मंदिर भी है। जहां लोग रोजाना पूजा-पाठ करते हैं। साथ ही बरगद पेड़ की पूजा पाठ करते रहे हैं और जल भी चढ़ाते रहे हैं। स्थानीय रहवासियों की इस स्थान से काफी श्रृद्धा जुड़ी हुई है और उन्हें पेड़ के काटे जाने का काफी दुख भी है।






चिंतन

# विकासशील से विकसित की ओर बढ़ा एक और कदम

विकासशील से विकसित होने के सफर पर भारत ने एक कदम और बढ़ा दिया है। हालांकि रास्ता बहुत लंबा है, लेकिन विकसित होने की सबसे पहली और जरूरी शर्त है मजबूत और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आधारभूत ढांचा, भारत बहुत तेजी से इस पर कदम दर कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन करना इसी की एक कड़ी है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपये है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक भी कहा जाता है। पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। सड़कें कामकाज के अभिन्न अंग हैं। इससे लोगों और सामानों की पहुंच आसान हुई है। भारतीय सड़क नेटवर्क में तेजी से विस्तार और बदलाव हो रहा है और भारत दुनिया में सबसे अच्छे मानकों तक पहुंचने के लिए लगातार ट्रैक पर है। आज भी देश में करीब 60 प्रतिशत ढुलाई का कार्य सड़क और राजमार्ग प्रणाली के माध्यम से होता है। राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के बढ़ते जाल द्वारा प्रदान की गई बेहतर गतिशीलता से बदलाव की अगुवाई करने और रसद लागत जो कभी 16-18 प्रतिशत थी जो घटकर 10 प्रतिशत के आसपास हो गई है। हालांकि विकसित देशों में यह आठ प्रतिशत के आसपास है। 6 से 8 प्रतिशत की बचत का मतलब है कि हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। जिससे हम अपने निर्यात को बढ़ाने सकते हैं और साथ ही इस लागत को कम कर सकते हैं। देश में सड़कों के विकास का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि देश में प्रतिदिन 60 किलोमीटर सड़क निर्माण हो रहा है। सरकार 2025 तक 2 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास के लिए काम कर रही है। यह एक बड़ी बात है। सरकार का ध्यान प्रमुख औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों के निर्माण तक ही सीमित नहीं रहा है। सरकार का लक्ष्य हर मेट्रो, कस्बे और गांव को एक मजबूत सड़क संपर्क प्रणाली के माध्यम से जोड़ना है, लेकिन केवल इतने से ही हम विकासशील से विकासित नहीं होने वाले। विकास के साथ सामाजिक कल्याण को फोकस में रखना जरूरी है। सबको सम्मानजनक जीवन देना, हर सक्षम को रोजगार देना और हर नवजात को अच्छा भविष्य देना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सरकार को सामाजिक समरसता की नीति के साथ आर्थिक सुधारों पर फोकस करना होगा। श्रम सुधारों का लक्ष्य केवल प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि विकास के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। उच्च शिक्षा ऐसी हो, जिससे कौशल विकास हो। इसी तरह वित्तीय समावेशन में लैंगिक समानता दिखनी चाहिए। विकसित होने के लिए शिक्षा, स्वास्थ, तेज अर्थव्यवस्था पर ओर अधिक काम करना होगा और इससे भी जरूरी विरासत पर गर्व करना सबसे अहम है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने इस पर जोर दिया है। गुलामी की मानसिकता से बाहर आने का प्रण भी विकास के लिए आवश्यक है। हमें पश्चिम का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी राह बनानी होगी और हमने इसकी शुरुआत कर दी है। हमें भारतीयों की समृद्धि के लिए किए गए फैसलों पर पश्चिम की मुहर का इंतजार नहीं करना चाहिए।

# शीर्ष न्यायालय के फैसले के मायने



हिंडेनबर्ग
अवधेश कुमार

न्यायालय के फैसले को आधार बनाएं तो हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भारत और भारतीयों के संपर्क से पूरी दुनिया में जो बवंडर खड़ा हुआ, शेयर मार्केट से लेकर स्वयं गौतम अडानी की कंपनियों को जो नुकसान पहुंचा तथा नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर पैदा हुआ संदेह सभी तत्काल निराधार साबित हुए हैं। न्यायालय ने यह कहते हुए याचिकाओं को निरस्त कर दिया कि हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए सीट या विशेष जांच दल गठित करने यानी किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बार-बार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया यानी सेबी की जांच को प्रश्नों के घेरे में लाने को भी न्यायालय ने सही नहीं माना तथा उसकी जांच से संतुष्टि व्यक्त की।

अडानी हिंडेनबर्ग मामले में उच्चतम न्यायालय न्यायालय के फैसले का पहला विवेकशील निष्कर्ष यह है कि सरकार के विरुद्ध किसी मुद्दे को उठाने और उसे बड़ा बनाने के पहले उस पर पर्याप्त शोध और सोच-विचार किया जाना चाहिए। न्यायालय के फैसले को आधार बनाएं तो हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भारत और भारतीयों के संपर्क से पूरी दुनिया में जो बवंडर खड़ा हुआ, शेयर मार्केट से लेकर स्वयं गौतम अडानी की कंपनियों को जो नुकसान पहुंचा तथा नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर पैदा हुआ संदेह सभी तत्काल निराधार साबित हुए हैं। न्यायालय ने यह कहते हुए सभी याचिकाओं को निरस्त कर दिया कि हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए सीट या विशेष जांच दल गठित करने यानी किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बार-बार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया यानी सेबी की जांच को प्रश्नों के घेरे में लाने को भी न्यायालय ने सही नहीं माना तथा उसकी जांच से संतुष्टि व्यक्त की। सेबी अब तक 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर चुकी है।

सही है कि शीर्ष न्यायालय ने सेबी और भारत सरकार से कहा है कि निवेशकों की रक्षा के लिए तत्काल उपाय करें, कानून को सख्त करें तथा जरूरत के मुताबिक सुधार भी। यह भी कहा कि सुनिश्चित करें कि फिर निवेशक इस तरह की अस्थिरता का शिकार नहीं हों जैसा कि हिडेनबर्ग रिपोर्ट जारी होने के बाद देखा गया था। ध्यान रखिए कि न्यायालय द्वारा न्यायमूर्ति सप्रे की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञों की समिति की रिपोर्ट पर भी विचार किया गया। इस समिति ने भी शेयर निवेश की सुरक्षा से संबंधित सुझाव दिए हैं। न्यायालय ने उसे शामिल करने को कहा है। वास्तव में फैसले का यह पहलू स्वाभाविक है क्योंकि हिडेनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में जिस ढंग से गिरावट आई उससे पूरा भूचाल पैदा हो गया था। आगे ऐसा ना हो इसका सुरक्षा उपाय करना आवश्यक है और इसी ओर न्यायालय ने ध्यान दिलाया है। इसमें कोई अगर किसी भी तरह हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी सच्चाई देखता है तो उसकी समझ पर प्रश्न खड़ा होगा। न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि गौतम अडानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोप निराधार ही थे। भारत की राजनीति और एक्टिविज्म की दुनिया में कीचड़ उछालना पुराना शगल है इसलिए पहले सेबी और फिर लोग न्यायालय को भी कटघरे में खड़ा करने का अभियान चलाने को बेचैन रहते हैं।

यह स्थिति चिंताजनक है। अगर उच्चतम न्यायालय को हिडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी भी सच्चाई दिखती तो उसके आदेश में यही लिखा होता कि आगे कोई भी कंपनी किसी तरह अपने प्रभाव का लाभ न उठा पाए इसके लिए सुरक्षा उपाय करें। उसने ऐसा नहीं कहा है। उसका कहना इतना ही है कि अगर कहीं से फिर ऐसी रिपोर्ट आ गई तब शेयर मार्केट में निवेशकों को कैसे सुरक्षित रखा जाए इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह



भी कहा है कि केंद्र सरकार की जांच एजेंसी के रूप में सेबी जांच करें कि क्या हिंडनबर्ग रिसर्च और किसी अन्य संस्था की वजह से निवेशकों को हुए नुकसान में कानून का कोई उल्लंघन हुआ है? यदि हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ताओं ने कई नियमों में खामियों की बात उठाई थी जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि संशोधन से नियम सख्त हुए हैं। खोजी जर्नलिस्ट संगठन की रिपोर्ट को भी खारिज किया गया और कहा कि यह सेबी की जांच पर सवाल उठाने के लिए मजबूत आधार नहीं है, इन्हें इनपुट के रूप में नहीं माना जा सकता है। जरा पीछे लौटिए और याद करिए कि पिछले वर्ष 24 जनवरी को अडानी समूह पर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद क्या स्थिति पैदा हुई थी? तब समूह का मार्केट कैप 19.2 लाख करोड़ था। इस रिपोर्ट के बाद उसकी 9 कंपनियों का वैल्यूएशन 150 अरब डालर तक घट गया था। धीरे-धीरे उसकी भरपाई हो रही है किंतु अभी भी वह उसे समय से 31% नीचे है। यद्यपि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद तेजी से अडानी समूह के शेयर भाव उछले एवं उसी अनुसार सूचकांक भी। बावजूद उस क्षति की भरपाई एक बड़ी चुनौती है। प्रश्न है कि इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? करोड़ों निवेशकों का धन डुबाने के लिए कौन दोषी है? सबसे बड़ी बात कि इससे भारत की छवि पूरी दुनिया में बिगड़ी, उसकी भरपाई कौन करेगा? हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को आधार बनाकर दुष्प्रचार यही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं और उनकी सरकार एक उद्योगपति कारोबारी के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तैयार है। उन्हें सरकार का राजनीतिक संरक्षण और सहयोग प्राप्त है जिनकी बदौलत ही यह कंपनी आगे बढ़ी है अन्यथा इसकी अपनी क्षमता ऐसी नहीं है। यह सरकार और पूंजीपति के बीच शर्मनाक दुरभिसंधि का आरोप था। यह आरोप सच होता तो क्रॉनी केपीटलिइज्म का इससे बड़ा उदाहरण कुछ नहीं हो सकता। विश्व भर में निवेशकों और कारोबारियों के बीच यह छवि बन जाती कि वाकई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही उद्योगपति और कारोबारी के हितों में नियम बनवाते हैं, उसे सत्ता का संरक्षण प्रदान करते हैं और इसी बदौलत समूह देश और दुनिया में अवैध तरीके से वित्तीय शक्ति का विस्तार कर रहा है तो फिर वे भारत से मुंह मोड़ लेते। इसका संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था और आर्थिक रूप से महाशक्ति बनने के लक्ष्य पर क्या प्रभाव पड़ता इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। वास्तव में हिंडेनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर अवश्य था किंतु इससे पूरी भारत सरकार और देश की नियति नत्थी हो गई थी। हिंडेनबर्ग ने मुख्यतः यही कहा था कि अडानी समूह की वित्तीय हैसियत इतनी बड़ी है नहीं जितनी वह अंकेक्षण में दिखलाती है, वह अपना मूल्यांकन जानबूझकर ज्यादा करवाती है जिससे उसके शेयर भाव बढ़े रहते हैं तथा टैक्स हैवन देशों में शैल कंपनियां बनाकर वह गलत निवेश करती है और इन सबमें उसे सत्ता का पूरा सहयोग और संरक्षण है। कोई कंपनी प्रधानमंत्री के वरदहस्त से काली कमाई करती हो इससे खतरनाक आरोप और क्या हो सकता है। साफ है कि जहां हिडेनबर्ग रिपोर्ट के पीछे केवल एक कंपनी की वित्तीय स्थिति को सामने लाना नहीं था बल्कि निशाने पर नरेंद्र मोदी सरकार और उसके माध्यम से पूरा भारत था। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि 2024 से 29 के बीच भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा और 2047 तक भारत को विश्व की पहली श्रेणी का देश बनाना है तो निश्चय ही इससे अनेक देशों संगठनों, नेताओं, यहां तक की भारत के भी कुछ लोगों और समूहों के कलेजे पर सांप लोट रहा होगा। उच्चतम न्यायालय ने ऐसे लोगों की नापाक कोशिशों पर लगाम लगा दी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सबके राम
प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



# श्रीराम के अदभुत अर्चक फ़ादर कामिल बुल्के

बेल्जियम में जन्मे फ़ादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है कि वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बंगला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेज़ी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोध ग्रन्थ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लडी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते। उन्होंने रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होंने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकिकृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्त्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकीय रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है। ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा सम्बन्धी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाये जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं। उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है। फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी की डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है- मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुःखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहाँ पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेज़ी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि मैं आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। उन्होंने हिंदी और संस्कृत का ज्ञान प्राप्त किया और वे हर भारतीय के मन पर अमिट छाप छोड़ गए।



(लेखक सीनियर जर्नलिस्ट एवं रिसर्च स्कॉलर हैं। वह एक नामचीन विश्वविद्यालय में मास कम्युनिकेशन कॉलेज के एचओडी रहे हैं।

# अनासक्त हुए बिना करें दूसरों की भलाई



संकलित
दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है।

**-स्वामी विवेकानंद**

# गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती हैं दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें युवा

बारह जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था कि उठो, जागो और तब तक डटे रहो जब तक कार्य की सिद्धि नहीं हो जाती। आज युवाओं के समक्ष जिस तरह की चुनौतियां हैं, उनसे निपटने के लिए युवाओं को विवेकानंद जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सकारात्मक सोच रखकर ही युवा अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को शपथ लेनी चाहिए कि वे नशे से दूर रहेंगे और देश के विकास में अपना पूरा योगदान करेंगे।

**- मनोज मुदलियार**, रायगढ़

## करंट अफेयर

### उ. कोरिया ने रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमा खोली



कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। रूस सरकार संचालित 'तास' समाचार एजेंसी द्वारा बुधवार को प्रसारित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है। पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक 'कॉस्मोड्रोम' में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है। 'तास' की खबर में पर्यटकों की यात्रा के समय के बारे में नहीं बताया गया है लेकिन विश्लेषकों को इससे हैरानी हुई है जिन्होंने उम्मीद जताई की थी कि उत्तर कोरिया महामारी के बाद पहले चीनी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। उत्तर कोरिया का सबसे करीबी मददगार और सहयोगी चीन है। 'तास' की खबर के मुताबिक पर्यटक पूर्वी तट पर उत्तर कोरिया के 'मासिक पास' की यात्रा करेंगे, जहां देश का सबसे आधुनिक 'स्की रिसॉर्ट' स्थित है। इसमें कहा गया है कि यह यात्रा रूस के प्राइमरी क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेमायाको और उत्तर कोरियाई अधिकारियों के बीच हुए समझौते के तहत आयोजित की गई है।

## ऑफ बीट

### अंतरिक्ष से सौर ऊर्जा का पृथ्वी पर परावर्तन



यदि आपने पांच फरवरी 1993 की सर्द रात में यूरोप में आकाश को देखा होगा, तो संभावना है कि आपने प्रकाश की एक मंद चमक देखी होगी। वह चमक 'ज्नाम्या-2' नामक रूसी अंतरिक्ष के दर्पण प्रयोग से आई थी। ज्नाम्या-2, एल्युमीनियम फ्रॉइल की तरह एक 20 मीटर की परावर्तक संरचना थी, जिसे उस अंतरिक्ष यान से प्रक्षेपित किया गया था, जिसने रूसी मीर अंतरिक्ष स्टेशन से उड़ान भरी थी। इसका लक्ष्य यह प्रदर्शित करना था कि सौर ऊर्जा को अंतरिक्ष से पृथ्वी तक परावर्तित किया जा सकता है। ज्नाम्या का रूसी भाषा में अर्थ है 'बैनर'। यह पहला और अंतिम अवसर था, जब किसी दर्पण को इस उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया था। लेकिन, तीन दशक बाद, सहकर्मियों और मेरा मानना है कि इस प्रौद्योगिकी पर फिर से विचार करने का समय आ गया है। अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा स्टेशन बनाने और ऊर्जा को पृथ्वी तक संचारित करने के प्रस्तावों के विपरीत, सारा उत्पादन अभी भी यहीं होगा। महत्वपूर्ण रूप से, ये परावर्तक सौर ऊर्जा फार्म को तब भी बिजली उत्पन्न करने में मदद कर सकते हैं, जब सीधी धूप उपलब्ध न हो, खासकर शाम और सुबह के समय। उस वक्त स्वच्छ ऊर्जा की मांग सबसे अधिक होती है।

## ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



अयोध्या जी में 22 जनवरी को राम मंदिर में हम सभी के आराध्य रामलला विराजमान होंगे। इस पुनीत अनुष्ठान का हिस्सा बनने के लिए आज तिलोई विधानसभा के घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री**


### राजनीतिक दुरुपयोग



युवाओं को विचार करना ही होगा कि क्या होगी हमारे भारत की पहचान? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावुकता? उत्तेजक नारे लगाता युवा या रोज़गार प्राप्त युवा? मोहब्बत या नफरत? भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### इनकार कर दिया



भारत के प्रमुख शंकराचार्यों, उड़ीसा में गोवर्धन मठ के स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

**-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

### ड्रीम गर्ल का बच्चा



आखिरकार मुझे अपनी ड्रीम गर्ल के नए बच्चे को देखने का समय मिल गया। वह बहुत एथलेटिक और शर्मीला है। उसका नाम वीर सावरकर" के बाद वीर रखा गया। मेरी "आशा" की किरण बड़ी हो गई है और बहुत सफेद और बहुत सुंदर हो गई है।

**-रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### गास मेमोरियल सेंटर व खेल मैदान का प्रबंधन का जिम्मा छग डायसिस को मिला

रायपुर। राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पर प्राचीन इमारत गास मेमोरियल सेंटर और आकाशवाणी केंद्र के सामने स्थित गास मेमोरियल खेल मैदान प्रबंधन की जिम्मेदारी चर्च ऑफ नार्थ इंडिया की दी गई है। इससे पहले यह जिम्मेदारी जबलपुर डायसिस के पास थी। इस संबंध में दिल्ली सीएनआई मुख्यालय सिनोड से एक पत्र जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में इस संस्था ने छत्तीसगढ़ में अनुकर्णीय सेवाएं दी हैं। जबलपुर डायसिस के बिशप अजय उमेश जेम्स ने 1 दिसंबर को सीएनआई के मॉडरेटर द मोस्ट रेवरेंड बीके नायक को पत्र लिखकर गास मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का चार्ज छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप को सौंपने का आग्रह किया था। उन्होंने मॉडरेटर को स्मरण दिलाया कि छत्तीसगढ़ दौरे के वक्त उन्होंने घोषणा की थी कि जल्द ही गास मोमोरियल का प्रबंधन छत्तीसगढ़ डायसिस को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इसीलिए हम आपके संकल्प पत्र का इंतजार कर रहे हैं। बिशप जेम्स ने आग्रह किया था कि जबलपुर से इस संस्था का प्रबंधन करना काफी कठिन महसूस होता है।

### चार के खिलाफ आबकारी एक्ट, एनडीपीएस की कार्रवाई

रायपुर। खमतराई थाने की पुलिस ने गांजा तथा शराब का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार के कब्जे से सौ पौव्वा शराब जब्ती करने के साथ एक के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा जब्त कर आबकारी तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में प्रकाश गायकवाड़, अशोक यादव, राजू मानिकपुरी तथा गांजा बेचने के आरोप में संतोष बेनवा को गिरफ्तार किया गया है।

# गांजा तस्करी का ट्रेंड बदला, तस्कर महिलाओं को माध्यम बनाकर मंगा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

पुलिस की सख्ती के बाद गांजा तस्करों ने गांजा तस्करी करने का ट्रेंड बदल दिया है। गांजा तस्कर गांजा तस्करी करने अब महिलाओं को माध्यम बना रहे हैं। साथ ही गांजा लाने के एवज में महिलाओं को प्रति किलो सात सौ से हजार रुपए प्रति किलो बतौर कमीशन के तौर पर दिए जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करों के बारे में जानकारी जुटाने स्थानीय के बजाय ओडिशा में मुखबिर तंत्र तैयार किया गया है, उन्हीं के माध्यम से गांजा तस्करों के बारे में जानकारी मिलती है। राजधानी के टिकरापारा तथा तेलीबांधा थाने की पुलिस ने पिछले सवा महीने में एक क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्त किया है। गौरतलब है कि राजधानी सहित पूरे प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगाने गृहमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए एक महीने में दो क्विंटल के करीब गांजा जब्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की अब तक की कार्रवाई में एक दर्जन से ज्यादा महिलाएं गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई हैं।

## गांजा लाने दिए जा रहे प्रति किलो सात सौ से हजार रुपए कमीशन

### लावारिस हालत में फेंक कर रहे कलेक्शन

पुलिस की कार्रवाई से बचने गांजा लाने वाले राजधानी में जिन्हें गांजा देना रहता है, उसे पूर्व से सूचना दे दिए रहते हैं। इसके बाद गांजा लाने वाला कुरियर ब्वाय गांजा पैकेट को कचरे के साथ मिलाकर शहर के आउटर में पूर्व निर्धारित स्थान पर फेंक देता है। इससे पुलिस जांच होने पर पकड़े जाने का भय भी नहीं रहता।

### फलों के बीच छिपा कर ला रहे गांजा

गांजा तस्कर पुलिस को चकमा देने गांजा लाने फलों का भी उपयोग करते हैं। तस्कर गांजा को फलों के बीच में छिपाकर इसे सैलो टेप से टाइट बांध देते हैं और अन्य फलों के बीच छिपा देते हैं। इस प्रकार की तस्करी ज्यादातर महिलाएं करती हैं। गांजा का अवैध कारोबार करने वाले लोग बल्क में गांजा मंगाने के बजाय पुलिस से बचने सीमित मात्रा में एक से दो किलो के बीच गांजा मंगा रहे हैं।

### पुलिस से बचने बस बदल रहे

ओडिशा से तस्करी के माध्यम से गांजा लाने वाले कुरियर ब्वाय को अपने गंतव्य से निकलने के बाद अहसास हो जाता है कि उनकी मुखबिरी हो गई है। इसके चलते कुरियर ब्वाय बस में चढ़ने के बाद 25-50 किलोमीटर दूर किसी गांव या कस्बा का टिकट लेता है।

### ओडिशा के मुखबिर ज्यादा सक्रिय

*पुलिस के अनुसार गांजा तस्करी की सूचना देने में स्थानीय के बजाय ओडिशा के मुखबिर ज्यादा सक्रिय हैं। ओडिशा के मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर आधे से ज्यादा गांजा तस्कर पकड़े गए हैं। स्थानीय मुखबिरों के माध्यम से गांजा बेचने वालों के बारे में जानकारी मिलने के साथ उनके पास गांजा रखे होने की सूचना मिलती है।*

### कार्रवाई से कीमत दोगुनी

*गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई से गांजे का अवैध कारोबार करने वाले सहमे हुए हैं। गांजा बेचने वाले किसी नए आदमी को गांजा बेचने से बच रहे हैं। इसके साथ ही पूर्व में जो गांजे की पुड़िया 50 रुपए में बेचते थे, उसे अब सौ से डेढ़ सौ रुपए में बेच रहे हैं। गांजा की जहां अवैध खरीदी-बिक्री होती थी, उन जगहों पर पुलिस निगरानी बढ़ाने का दावा कर रही है।*

## केके रोड मौदहापारा में लीकेज मरम्मत के लिए रात में लगाई टीम

# 24 घंटे जल आपूर्ति से पहले जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक टेस्टिंग, तीन जगह लीकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के 15 वार्डों में रहने वाले 2.50 लाख घरों तक 24 घंटे पानी पहुंचाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी इन दिनों नई पाइप लाइन बिछा रही है। जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक पाइप लाइन बिछाने के बाद इसकी टेस्टिंग कराई गई, जिसमें 3 जगहों पर बड़े लीकेज मिले हैं। केके रोड मौदहापारा के मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन लीकेज सुधारने गुरुवार की रात में टीम लगाई गई। इसी तरह का बड़ा लीकेज संजय गांधी चौक पर भी मिला है, जिसकी मरम्मत कराने टीम को उतारना पड़ा। इस योजना में 25 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाने का काम अभी बाकी है। 130 करोड़ की लागत से 15 वार्डों में 170 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाकर 2 लाख 50 हजार घरों में चौबीस घंटे पेयजल सप्लाई की जाएगी। स्मार्ट सिटी एरिया बेस्ड प्लान के कारण अभी 25 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाने का काम आने वाले दिनों में शहर में चलेगा। बूढ़ातालाब क्षेत्र, सदरबाजार एरिया में बागड़ी नर्सिंग होम वाली गली, गोलबाजार क्षेत्र, बैजनाथ पारा की गलियों में पाइप लाइन बिछाने काम चलेगा। इसी तरह भाठागांव क्षेत्र, कुकरीपारा, सुभाषनगर, रिंग रोड होते हुए दीवान हास्पिटल क्षेत्र तक पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही तात्यापारा वार्ड के जोरापारा, मोमिनपारा, हांडी तालाब एरिया में 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने पाइप लाइन के लिए सड़क खुदाई की जाएगी। प्रोजेक्ट के प्रभारी अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि शहर के अलग-अलग इलाकों में पाइप लाइन बिछाने के लिए अनुबंधित एजेंसी ने 110 लोगों की 7 टीमें लगाई हैं। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने के साथ इंटर कनेक्शन देने का काम पूरा हो गया है, वहां नए वाटर मीटर लगाने 2 टीम कार्य कर रही है। वाटर मीटर लगाने की शुरुआत पुरानी बस्ती इलाके से की जा चुकी है। इस क्षेत्र में 1100 प्लास्टिक से बने स्वचालित वाटर मीटर लगाए जाएंगे।

■ **बूढ़ातालाब क्षेत्र, सदर, गोलबाजार, बैजनाथ पारा, भाठागांव में पाइप लाइन बिछेगी, खुदेगी सड़क**



हरिभूमि सरोकार

### मोतीबाग पानी टंकी और गंज पानी टंकी को बनाया कमांड एरिया

जितनी खपत उतना पानी का बिल फार्मूले को ध्यान में रखकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी आपूर्ति का पायलट प्रोजेक्ट चलाया है। इसके लिए शहर की सबसे बड़ी मोतीबाग पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाते हुए नई पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इसके साथ ही 20 हजार घरों में निःशुल्क वाटर मीटर लगाने का काम साथ-साथ किया जा रहा है। अनुबंधित एजेंसी को कार्य पूरा करने की समय सीमा मार्च 2024 तक दी गई है।

### 25 किलोमीटर एरिया में पाइप लाइन बिछाना बाकी

ठेका एजेंसी को शहर के चिन्हांकित 15 वार्ड में 170 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने का काम दिया गया है। इसमें 25 किलोमीटर की पाइप लाइन का काम बाकी है। भीड़ वाले क्षेत्र होने की वजह से रात के समय पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इस काम में 7 अलग-अलग जगहों पर टीम लगाई गई है।

\- अमित मिश्रा
डिप्टी मैनेजर सिविल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

# उप-संचालक व कलेक्टर को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



कोंपलवाणी संगठन के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उप संचालक समाज कल्याण और कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ से व्यक्तिगत शपथपत्र पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 23 जनवरी को निर्धारित की गई है।

दरअसल करोड़ों के अनुदान के बाद भी भुखमरी से एनजीओ में बच्चों की मौत पर कोंपलवाणी रायपुर ने जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नरों ने कोर्ट में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। मामले में वित्त और समाज कल्याण विभाग के सचिवों के साथ ही मुख्य सचिव ने भी पूर्व में शपथपत्र प्रस्तुत कर बताया था कि शासन ने तीन साल में कुल 9 करोड़ खर्च किए हैं। इस मामले में गत माह हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने 11 कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए थे। इन सबको चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने प्रदेश के तमाम घरौंदा सेंटरों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया था।

# उद्योगों में प्रदूषण से श्रमिकों के बीमार होने की रिपोर्ट में अंतर, सुनवाई बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

प्रदेश के विभिन्न कोयला आधारित प्लांटों में धूल और धुएं की वजह से बीमार पड़ रहे श्रमिकों के मामले में सुनवाई के दौरान निजी और सरकारी पक्षों की जांच रिपोर्ट में अंतर का मुद्दा उठा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी तय की है।

उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे पर कई जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट संज्ञान लेकर एक साथ सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त सभी कोर्ट कमिश्नरों ने कोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इसमें प्रदूषण से श्रमिकों के बीमार होने की जानकारी दी गई है। प्रदेश भर में संचालित तमाम प्लांटों में काम करने वाले मजदूरों को सीमेंट और लोहे की डस्ट से बहुत परेशानी होती है। इसके कारण मजदूरों के फेफड़े बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इसे लेकर हाईकोर्ट में उत्कल सेवा समिति, लक्ष्मी चौहान, गोविन्द अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल और एक स्व संज्ञान मामले में जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी देश के कई राज्यों को ऐसी ही स्थिति को लेकर निर्देशित किया था। हाईकोर्ट ने इस मामले में एडवोकेट प्रतीक शर्मा और पीआर पाटनकर समेत 11 लोगों को न्यायमित्र नियुक्त किया था। कोर्ट ने इनसे प्रदेश की इन औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण के कारण हो रही परेशानी के बारे में जानकारी मंगाई थी। शासन के वकील ने बताया था कि, राज्य में करीब ऐसे 60 स्पंज आयरन या सीमेंट प्लांट हैं, जहां इस प्रकार की शिकायत आ रही है।

# बिना स्वीकृति एजेंसी निर्धारण शासन ने वापस मांगी पेंचवर्क फंड की 25 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कांग्रेस सरकार के दौरान अविभाजित राजनांदगांव जिले में पेंचवर्क तथा मरम्मत के लिए दी गई करीब 25 करोड़ रुपए की राशि को राज्य शासन ने खर्च पर रोक लगा दी है और राशि को वापस भेजने कहा है। शासन का कहना है कि शासन की अनुमति के बगैर ही पीडब्ल्यूडी महकमे द्वारा एजेंसी के निर्धारण की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। जिसके चलते यह निर्देश जारी किए गए हैं।



उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस सरकार ने अविभाजित जिले में सड़कों और भवनों की मरम्मत के लिए करीब 25 करोड़ रुपए की राशि जारी की थी। जिसमें अकेले राजनांदगांव पीडब्ल्यूडी संभाग को दस करोड़ रुपए जारी किए गए। आचार संहिता के लागू होने के कारण पीडब्ल्यूडी महकमे द्वारा काम शुरू नहीं किया गया। इस बीच राज्य में भाजपा सरकार के आसीन होने के बाद यह शिकायतें सामने आने लग गई थी कि कई जिलों में बिना स्वीकृति के ही एजेंसी का निर्धारण कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग दुर्ग के मुख्य अभियंता ने 6 जनवरी को एक आदेश जारी कर राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ के पीडब्ल्यूडी अफसरों से कहा है कि बिना स्वीकृति के ही एजेंसी निर्धारण किए जाने के चलते शासन द्वारा अत्याधिक वित्तीय दायित्व उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा है कि अति महत्वपूर्ण कामों को छोड़कर शेष अनुबंध को यथा स्थिति में तत्काल स्थगित और समाप्त किया जाए। यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि आदेश के बाद भी राशि खर्च की जाती है तो उसकी जिम्मेदारी अफसरों की होगी।

### 16 से गूंजेगी शहनाई, हर सेक्टर में होगी जमकर कमाई

रायपुर। एक माह के खरमास के बाद अब एक बार फिर से नए साल में 16 जनवरी से शहनाई गूंजेगी। जनवरी से अप्रैल तक थोक में करीब चार दर्जन शादियों के मुहूर्त हैं। इसके लिए पहले से ज्यादातर होटल और मैरिज हॉल पैक हो गए हैं। इस चार माह के सीजन में हर सेक्टर को मिलाकर करीब 600 करोड़ की कमाई होने का अनुमान है। शादियों के सीजन को लेकर हर सेक्टर में बूम है। सराफा में जहां सोने-चांदी की जमकर खरीदारी हो रही है, वहीं बर्तन, कपड़े और वाहनों की भी बिक्री हो रही है। कोरोना की वजह से दो साल तक शादियों के सीजन प्रभावित हुए हैं। इसके बाद से अब शादियों में भरपूर रौनक लौटी है। पिछले साल अक्षय तृतीया और देवउठनी एकादशी के बाद हुई शादियों में भी सभी कारोबारियों की जमकर कमाई हुई है। अब फिर से नए साल में शादियों का सीजन लौट रहा है। सीजन लौटने से पहले ही बाजार में रौनक है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शादियों के लिए लोग सराफा बाजार में जेवरों की खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि इस समय सोने की कीमत आसमान पर है, इसके बाद भी लोग सोने और चांदी के जेवर ले रहे हैं।

**छापामार कार्रवाई**

# अवैध धान परिवहन और भंडारण: 750 कट्टा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम डोंगरगांव एके पुसाम के नेतृत्व में राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने डोंगरगांव, अर्जुनी एवं कुमरदा क्षेत्र के कोचियों और बिचौलियों के अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर जप्ती की कार्रवाई की गई। अवैध धान भण्डारण के 499 कट्टा धान और अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर 266 कट्टा धान जब्त किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव अश्वन कुमार पुसाम ने बताया कि डोंगरगांव अनुविभाग के अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव, ग्राम अर्जुनी, महाराजपुर, धनगांव, सेवताटोला एवं अन्य ग्रामों में धान के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के गोदाम का स्थल जांच एवं अनुविभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में धान का अवैध परिवहन का औचक जांच किया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम सेवताटोला डोंगरगांव में अंकित ट्रेडर्स, सक्षम ट्रेडर्स, विद्याश्री ट्रेडर्स, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता ग्राम अर्जुनी तथा अन्य गोदाम की जांच की गई। जिसमें अंकित ट्रेडर्स डोंगरगांव में बी 1 रजिस्टर संधारण नहीं करने पर 250 कट्टा धान, सक्षम ट्रेडर्स डोंगरगांव में मंडी एक्ट के तहत 160 कट्टा धान, सुदामा यादव द्वारा अतुल राईस मिल लालबाग राजनांदगांव से बिना अनुज्ञा, बिना परिवहन पास के बांधाबाजार जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी मुरारी के गोदाम में अवैध परिवहन करते 125 कट्टा धान, ग्राम गिरगांव से खुर्सीपार छुरिया में वाहन चालक द्वारा धान विक्रय हेतु अवैध परिवहन किये जाने पर 71 कट्टा धान, डोंगरगांव से केरेगांव छुरिया विकासखंड में अवैध परिवहन करते 70 कट्टा धान, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता अर्जुनी में मंडी एक्ट के तहत 53 कट्टा धान तथा ग्राम धनगांव में 36 कट्टा धान की जप्ती की कार्रवाई की गई।

### कफ सीरप के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर। देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो युवकों के कब्जे से 25 हजार रुपए कीमत की 120 सीसी प्रतिबंधित कफ सीरप कोडिन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय नगर निवासी मोहम्मद अहमद तथा डोमर उर्फ पिंटू को कफ सीरप के साथ पकड़ा है।




## श्रद्धा भक्ति से होगी पूजा, मकर संक्रांति से सूर्य देव होंगे उत्तरायण

# काले वस्त्र धारण किए अश्व पर सवार होकर दक्षिण दिशा से आएंगे सूर्य, मंदिरों में होगी विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भगवान सूर्य देव का धनु से मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। जिसे लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है, पंडितों के अनुसार इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी। कई लोग 14 जनवरी को भी यह पर्व मनाने की तैयारी में है।

ज्ञात हो कि मकर संक्राति पर्व अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पंडितों एवं पंचांग के अनुसार सूर्य देव जब धनु से मकर राशि में प्रवेश करते है तब संक्रांति मनाई जाती है। इस वर्ष सूर्य देव 14 जनवरी की रात में मकर राशि में प्रवेश करेंगे जिसके कारण सूर्य उदय तिथि 15 जनवरी होगी और इसी दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। पंडितों के अनुसार मकर संक्रांति का वाहन अश्व है, मकर संक्रांति पर सूर्य देव अश्व पर सवार होकर आ रहे है। सूर्य देव का उपवाहन सिंह है, इस बार संक्रांति का स्वरूप काले वस्त्र धारण किए हुए है। मकर संक्रांति का आगमन दक्षिण दिशा से और गमन उत्तर दिशा से होगा।




### दान पुण्य का महत्व

मकर संक्राति पर्व पर स्नान ध्यान के साथ ही दान का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोग तिली से बने पकवान भगवान को अर्पित करते है। तिल से बने व्यंजन पकवान को ही प्रसादी के रूप में वितरित किया जाता है। समीप पर्व का देखते हुए बाजार में तिल, गुड, की मांग बढ़ गई है, वही रेडीमेड बाजार में उपलब्ध तिल के लड्डू पापड़ी सहित तिल के बने अन्य पकवान की मांग लोगों के बीच लगातार बनी हुई है। कई गृहणियों ने भी घरों में तिल के पकवान बनाने की तैयारियां शुरू कर दी है।

### मंदिर सहित घरों में तैयारियां

अंचल के मंदिरों में भी मकर संक्राति पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की जायेगी, इस दिन दान पुण्य का वातावरण दिन भर बना रहेगा। पर्व के दौरान कई लोग पारंपरिक रूप से इस दिन पतंग बाजी भी करते है। जिसके चलते बाजार में पतंग की दुकानें भी सज गई है, जिसकी मांग भी लोगो के बीच बनी हुई है। हालांकि इस दिन कुछ संस्थाओं के द्वारा भी पतंग बाजी की स्पर्धा आयोजित की जाती है। मकर संक्रांति के दिन आकाश में रंग बिरंगे पतंग आकर्षण का केंद्र बनेंगे। मकर संक्रांति पर्व के साथ ही सूर्य देव के उत्तरायण होने के साथ ही मौसम में परिवर्तन का दौर शुरू हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### एसबीआई ने पर्यावरण अनुकूल सावधि जमा योजना शुरू की

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए शुक्रवार को हरित रुपया सावधि जमा योजना शुरू की। बैंक ने कहा कि यह योजना प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) सहित सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। निवेशकों को तीन अलग-अलग अवधियों- 1,111 दिन, 1,777 दिन और 2,222 दिन को चुनने की सुविधा प्रदान करती है।

### विप्रो का शुद्ध लाभ 11.7 फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.74 प्रतिशत घटकर 2,694.2 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,052.9 करोड़ रुपये रहा था। विप्रो की एकीकृत आय भी समीक्षाधीन तिमाही में 4.4 प्रतिशत घटकर 22,205.1 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 23,229 करोड़ रुपये थी।

### फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु संयंत्र पर किया निवेश



**नई दिल्ली।** अमेरिका की फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु में भारत का पहला एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। तमिलनाडु में स्थित इस संयंत्र का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। इसकी वार्षिक क्षमता 3.3 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) है। कंपनी के बयान के अनुसार, यह भारतीय बाजार के लिए 'कंपनी की श्रृंखला 7' फोटोवोल्टिक (पीवी) सौर मॉड्यूल का उत्पादन करेगी।

### टाटा मेटालिक्स को मूल कंपनी में विलय की मंजूरी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने टाटा मेटालिक्स लिमिटेड को उसकी मूल कंपनी टाटा स्टील में विलय की मंजूरी दे दी है। इससे अनुषंगी कंपनी के वित्तीय परिणामों की घोषणा से पहले निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है। टाटा मेटालिक्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के वित्तीय नतीजे घोषित करने के लिए 12 जनवरी को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है।

### एचडीएफसी एएमसी का मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एचडीएफसी एएमसी) का दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 488 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 369.16 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय 23 प्रतिशत बढ़कर 814.17 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 663 करोड़ रुपये थी।

# एप्पल से बड़ी कंपनी बनी माइक्रोसॉफ्ट, एआई में मारी बाजी, दोनों में चल रही टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


दुनिया की दो दिग्गज कंपनियों एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट में बाजार में बादशाहत की नजदीकी जंग जारी है। दोनों कंपनियों का मार्केट कैप इतना आसपास आ गया है कि रोजाना दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बनने की लड़ाई चल रही है।

रोचक बात यह है कि अब एप्पल को पछाड़कर मामूली अंतर से माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की मार्केट कैप 2.888 और आईफोन निर्माता एप्पल का बाजार मूल्य 2.887 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।

## माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 2.888 और एप्पल का 2.887 ट्रिलियन डॉलर हुआ

### माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार के यह आंकड़े दर्शाते हैं कि भले ही यह अंतर न के बराबर हो लेकिन, माइक्रोसॉफ्ट अब दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी है। साल 2021 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि उसकी मार्केट कैप माइक्रोसॉफ्ट से नीचे चली गई है।



### एआई की बढ़ती डिमांड से हुआ फायदा

एप्पल के लिए 2024 की शुरुआत पिछले कुछ सालों में सबसे खराब हुई है। कंपनी मांग में आई कमी से परेशान है। माइक्रोसॉफ्ट के शेयर 1.5 फीसदी बढ़े हैं। कंपनी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती डिमांड से फायदा पहुंचा है। माइक्रोसॉफ्ट ने अन्य कंपनियों के मुकाबले एआई के मामले में बाजी मार ली है। निवेशकों की रुचि कंपनी में और ज्यादा बढ़ती जा रही है।

### ट्रेड वॉर और हुआवे से मिल रहा कॉम्पटीशन

एप्पल के शेयर जनवरी में लगभग 3.3 फीसदी फिसल चुके हैं। उधर, माइक्रोसॉफ्ट के शेयरों में 1.8 फीसदी का उछाल आया है। चीन जैसे बड़े मार्केट में एप्पल के सबसे लोकप्रिय प्रोडक्ट आईफोन की मांग में कमी दर्ज की गई है। अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर और हुआवे से मिल रहा तगड़ा कॉम्पटीशन इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। हालांकि, एप्पल के सर्विस बिजनेस के भविष्य में और आगे बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## टीसीएस व इंफोसिस के परिणाम से निवेशक उत्साहित

# आईटी शेयरों में बहार से नई ऊंचाई पर बाजार, सेंसेक्स 850 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों टीसीएस एवं इन्फोसिस के बेहतर तिमाही नतीजों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में जमकर लिवाली होने से शुक्रवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 850 अंक की छलांग लगाकर अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और प्रौद्योगिकी, रियल्टी एवं तेल खंडों में तगड़ी खरीदारी होने से भी घरेलू बाजार में निवेशक धारणा को बल मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 847.27 अंक यानी 1.18 प्रतिशत उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 247.35 अंक चढ़कर 21,894.55 के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

### आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'दिग्गज आईटी कंपनियों की अगुवाई में भारतीय बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र के लिए बेहतर दृष्टिकोण होने से आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेतों ने निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर डाला।'

## सेंसेक्स उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर हुआ बंद

### टीसीएस करीब चार फीसदी चढ़ा

बाजार में तेजी की अगुवाई आईटी दिग्गज इन्फोसिस ने की और करीब आठ प्रतिशत की जोरदार छलांग लगाई। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे बाजार की उम्मीदों से कहीं बेहतर रहने से इसके शेयरों को लेकर तगड़ा रुझान देखा गया। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का भी शेयर तेजी के इस दौर में करीब चार प्रतिशत चढ़ गया।



### टेक महिंद्रा व विप्रो भी अच्छे बढ़े

इनके अलावा आईटी क्षेत्र की टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज एवं विप्रो के शेयर भी अच्छी बढ़त लेने में सफल रहे। बढ़त दर्ज करने वाले अन्य शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और लार्सन एंड टुब्रो भी शामिल थे।

### इन्फोसिस के शेयर में आठ प्रतिशत की तेजी

*सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस के शेयर में शुक्रवार को आठ प्रतिशत का उछाल आया। इसके साथ कंपनी का बाजार मूल्यांकन 48,652.73 करोड़ रुपए बढ़ गया। कंपनी का तीसरी तिमाही का परिणाम बाजार की उम्मीद के अनुरूप होने से शेयर चढ़ा है। कंपनी का शेयर बीएसई पर मजबूत शुरुआत के बाद 7.84 प्रतिशत चढ़कर 1,612.20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।*

### बजाज फिनसर्व में रही तेजी

दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई का सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक 5.06 प्रतिशत उछला जो क्षेत्रवार सूचकांकों में सर्वाधिक है। प्रौद्योगिकी खंड में भी 4.40 प्रतिशत की तेजी आई।

### ब्रिटेन के नए आंकड़े से यूरोपीय बाजार में तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ और अपनी तेजी का सिलसिला जारी रखा। ब्रिटेन के नए आर्थिक आंकड़े आने के बाद यूरोपीय बाजार में बढ़त देखी गई। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में उछाल रही।'

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का सूचकांक निक्की बढ़त में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग निचले स्तर पर बंद हुए। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिका में ज्यादातर बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# औद्योगिक उत्पादन नवंबर में आठ महीनों के निचले स्तर पर खिसका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ नवंबर में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन से घटकर 2 .4 फीसदी पर आया

देश का औद्योगिक उत्पादन नवंबर में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से घटकर आठ महीनों के निचले स्तर 2.4 प्रतिशत पर आ गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापी गई औद्योगिक उत्पादन वृद्धि नवंबर 2022 में 7.6 प्रतिशत रही थी। आईआईपी वृद्धि का पिछला निचला स्तर मार्च, 2023 में 1.9 प्रतिशत रहा था। इस तरह नवंबर में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में औद्योगिक उत्पादन की अब तक की सबसे कम वृद्धि है।

चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) में औद्योगिक उत्पादन की कुल वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रही है जो एक साल पहले की समान अवधि के 5.6 प्रतिशत से अधिक है। एनएसओ ने अक्टूबर महीने के लिए आईआईपी को संशोधित कर 11.6 प्रतिशत कर दिया है जो पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में 11.7 प्रतिशत था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पिछले वर्ष की समान अवधि की वृद्धि दर की व्याख्या कोविड-19 महामारी के कारण पैदा हुई असामान्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए।

एनएसओ की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर नवंबर में घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.7 प्रतिशत थी। नवंबर, 2023 में बिजली उत्पादन की वृद्धि दर भी धीमी होकर 5.8 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 12.7 प्रतिशत रही थी।

# टाटा मोटर्स ने साणंद के नए संयंत्र में उत्पादन किया शुरू




■ जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725 .7 करोड़ रुपए में यह संयंत्र लिया था

■ 12 महीने की अवधि में कारखाने को सफलतापूर्वक पुन: तैयार किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने गुजरात के साणंद में अपने नये कारखाने में उत्पादन शुरू कर दिया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने पिछले साल जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725.7 करोड़ रुपये में यह संयंत्र हासिल किया था।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, 'हमने 12 महीने की सबसे कम अवधि में कारखाने को सफलतापूर्वक पुनः तैयार किया है। हम इसे मौजूदा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और भविष्य में आने वाले नए मॉडल को समायोजित करने के लिए एक नए स्तर पर ले गए हैं।'

चंद्रा ने कहा कि यह कारखाना टाटा मोटर्स, खासकर टीपीईएम को नई उपलब्धियां हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

चंद्रा ने कहा, 'मौजूदा क्षमता के साथ यह नई सुविधा प्रति वर्ष अतिरिक्त तीन लाख इकाइयों का निर्माण करेगी, जिसे 4.2 लाख इकाइयों तक बढ़ाया जा सकता है।'

### एक हजार नौकरियों का होगा सृजन

यह गुजरात में कंपनी का दूसरा संयंत्र है। यह पेट्रोल (आईसीई) और इलेक्ट्रिक मॉडल दोनों का उत्पादन करेगा। संयंत्र में अभी 1000 से अधिक लोग काम करते हैं। टाटा मोटर्स के अनुसार, कंपनी उत्पादन बढ़ाने की योजना के तहत अगले तीन-चार महीने में अतिरिक्त 1,000 नौकरियों का सृजन करेगी।

## गुजरात में 70,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी टीपीआरईएल...



**नई दिल्ली।** टाटा पावर की इकाई टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) गुजरात में 10,000 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने के लिए 70,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने गांधीनगर में चल रहे वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) 2024 के 10वें संस्करण में प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि इन परियोजनाओं से 3,000 नौकरियां पैदा होंगी। बयान के अनुसार, '10,000 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में सौर, पवन, हाइब्रिड, राउंड द क्लॉक (आरटीसी), पीक, और फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) शामिल हैं।'

# चीन का निर्यात दिसंबर में 2.3 प्रतिशत बढ़ा

■ दूसरे महीने निर्यात में थोड़ी वृद्धि हुई

■ दिसंबर में निर्यात 303 .6 अरब डॉलर हो गई

एजेंसी ▶▶| हांगकांग



चीन में दिसंबर में लगातार दूसरे महीने निर्यात में थोड़ी वृद्धि हुई, जो 2023 में असमान सुधार को रेखांकित करता है। सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में निर्यात सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत बढ़कर 303.6 अरब डॉलर हो गया।यह इस बात का संकेत है कि साल की शुरुआत में महीनों की गिरावट के बाद मांग बढ़ी। आयात भी दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत बढ़कर 228.2 अरब डॉलर हो गया। नवंबर में इसमें 0.6 प्रतिशत की से अधिक गिरावट आई थी।चीन दिसंबर में कुल व्यापार अधिशेष 75.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर के 68.3 अरब डॉलर से 10.1 प्रतिशत अधिक है। उप निदेशक वांग लिंगजुन ने शुक्रवार को एक सम्मेलन में कहा, ' निरंतर सुस्त बाहरी मांग अब भी निर्यात वृद्धि को रोकने का मुख्य कारक है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री 2023 में 40 लाख के पार

■ उपयोगी वाहनों के मजबूत मांग से आया उछाल

■ यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 22 .4 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री 2023 में 40 लाख के पार पहुंच गई। उपयोग वाहनों की मजबूत मांग के दम पर मांग में उछाल आया। वाहन कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को नवीनतम आंकड़े जारी किए।

सियाम के अनुसार, कंपनियों से डीलर तक कुल यात्री वाहन की आपूर्ति 2023 में आठ प्रतिशत बढ़कर 41,01,600 इकाई रही। बीते वर्ष 2022 में यह 37,92,444 इकाई थी। इस दौरान यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 22.4 प्रतिशत बढ़कर 23,53,605 इकाई हो गई, जो 2022 में 19,22,805 इकाई थी। वैन की



आपूर्ति 2022 में 1,32,468 इकाइयों की तुलना में 2023 में बढ़कर 1,46,122 इकाई हो गई। हालांकि, यात्री कार की थोक बिक्री 2022 में 17,37,171 इकाइयों से आठ प्रतिशत कम घटकर 16,01,873 इकाई रह गई।

# सेबी ने एआईएफ में निवेशकों को शामिल करने का नियम बदला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ नया प्रारूप तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा

■ नियम 10 (ए) में निवेशकों को शामिल करने के मानदंड निर्धारित किए गए

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में निवेशकों को शामिल करने के प्रावधानों में शुक्रवार को बदलाव किया। यह संशोधन धनशोधन निवारण (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 में किए गए संशोधन को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

नया प्रारूप तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। एआईएफ मानकों के नियम 10 (ए) में निवेशकों को शामिल करने के मानदंड निर्धारित किए गए हैं। इसमें एआईएफ की यूनिट जारी कर किसी भी तरह के निवेशक- भारतीय, विदेशी या अनिवासी भारतीयों से धन जुटाने की अनुमति दी गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को अपने परिपत्र में कहा कि निवेशकों को एआईएफ का हिस्सा बनाते समय कोष प्रबंधक को यह सुनिश्चित करना होगा कि निवेशक या उसके मालिक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध सूची में न रखा गया हो।

### शर्तों को पूरा करना जरूरी

इसके अलावा निवेशक को वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) द्वारा रणनीतिक धनशोधन-रोधी या आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिए चिह्नित देश का भी निवासी नहीं होना चाहिए। यदि पहले एआईएफ में शामिल हो चुका कोई निवेशक अब इन शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहा है तो एआईएफ प्रबंधक उस निवेशक से इन शर्तों का अनुपालन नहीं करने तक आगे पूंजी योगदान नहीं ले सकता है।


## सितंबर 2016 में यह रकम 100 लाख करोड़ रुपए थी

# बैंकों में जमा पैसा हुआ दोगुना, आंकड़ा 200 लाख करोड़ रुपए के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ इसमें सालाना आधार पर 9 .5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई

भारतीय इकोनॉमी के साथ-साथ बैंकिंग सिस्टम के लिए भी साल 2023 कमाल का रहा। बैंकिंग सिस्टम में जमा रकम दोगुनी हो गई। बैंकों में जमा रकम पिछले साल 200 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। सितंबर, 2016 में यह रकम 100 लाख करोड़ रुपए थी। इसमें सालाना आधार पर 9.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, यह भारतीय बैंकों में जमा पैसे का सबसे कम समय में 100 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का आंकड़ा है। आरबीआई के अनुसार, 29 दिसंबर, 2023 तक बैंक डिपाजिट का आंकड़ा 200.8 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 13.2 फीसदी बढ़ा है।



### म्यूच्युअल फंड में अब ज्यादा पैसा लगा रहे लोग

*केंद्रीय बैंक के अनुसार, इस रकम में से 176 लाख करोड़ रुपए टर्म डिपॉजिट और बाकी का पैसा सेविंग्स अकाउंट एवं करेंट अकाउंट में पड़ा हुआ है। बैंक एडवांस इस अवधि में 159.6 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इसमें 2022 के मुकाबले लगभग 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले कुछ सालों में घरेलू बचत का रुख म्यूच्युअल फंड की तरफ मुड़ा है। लोग अब अपनी बचत को इन फंड्स में लगा रहे हैं।*

### म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम बैंक जमा का एक चौथाई हुआ

साल 2023 में म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में रिकॉर्ड 10 लाख करोड़ रुपए जुड़े हैं। इसके चलते इंडस्ट्री का कुल एयूएम 50 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। साल 2023 में म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम बैंक जमा का एक चौथाई हो चुका है। साल 2003 में बैंकों में जमा कुल रकम 12.6 लाख करोड़ रुपए थी और म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम सिर्फ 1.2 लाख करोड़ रुपए था। यह कुल बैंक जमा का लगभग 10वां हिस्सा था।

### बैंकों में जमा पैसा तेजी से हुआ है दोगुना

पिछले कुछ सालों में बैंकों में जमा पैसा भी तेजी से बढ़ा है। साल 1997 में यह रकम 5.1 लाख करोड़ रुपए थी। इसे दोगुना होकर 10 लाख करोड़ रुपए होने में लगभग 4 साल लगे। इसके बाद मार्च, 2006 में यह रकम दोगुनी होकर 20 लाख करोड़ रुपए हो गई। सबसे तेजी से यह रकम दोगुनी मार्च, 2006 से जुलाई, 2009 के बीच हुई थी। इस दौरान बैंक जमा का आंकड़ा 40 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया था।

# सोना 130 रुपए मजबूत, चांदी 300 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल आने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 130 रुपये की तेजी के साथ 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 130 रुपये बढ़कर 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी।'

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### राममंदिर मॉडल की ....

का मिनी स्टेच्यू भी तैयार किया गया है। राम मंदिर मॉडल में रोशनी के लिए एलईडी भी लगाई गई है। हैंडीक्राफ्ट उत्पाद के निर्माता व विक्रेता शुएब शम्सी ने कहा कि डिमांड के कारण नए ऑर्डर ऑर्डर बुक नहीं हो पा रहे हैं।

### मोदी ने शुरू .....

अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। मोदी ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार किसी भी प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ और आराधना से पहले कठोर व्रत करना होता है, इसलिए वह यह अनुष्ठान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने अनुष्ठान की शुरुआत महाराष्ट्र के नासिक में स्थित पंचवटी से शुरू करेंगे, जहां श्रीराम ने अपने जीवन का काफी समय बिताया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नासिक में भगवान राम के प्रख्यात कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की और 'भजन-कीर्तन' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने झांझ-मजीरे भी बजाए।

### दो ट्रक हरी सब्जियां ....

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भगवान श्री रामजी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किसान संघ की ओर से दो ट्रक सब्जी से भरी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिये रवाना किया। उन्होंने इसके लिए किसान संघ को बधाई दी। इस किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी पहचान भारत के धान उत्पादक राज्य के रूप में होती है। किसानों के मेहनत और परिश्रम के कारण ही छत्तीसगढ़ को धान के कटोरा के नाम से जाना जाता है। हमारी सरकार किसानों की चिंता करने वाली सरकार है। हमारी सरकार किसानों के उतरोत्तर उन्नति के हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने देश के किसानों की चिंता की। उन्होंने किसानों को साहुकारों से मुक्ति दिलाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ किया और करोड़ों किसानों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने का काम किया। इससे किसानों को काफी राहत मिली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के आय को दोगुना करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी को पूरा करते हुए हमारी सरकार में किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदने का वादा पूरा किया। जल्द ही किसानों को अंतर की राशि एकमुश्त दी जाएगी। उन्होंने इसके लिए किसान संघ को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उन्नत और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने किसान मेला में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, संचालक कृषि चंदन संजय त्रिपाठी, डारेक्टर ऑफ़ हार्ट्रीकल्चर वी माथेश्वरन, इंदिरा गांधी विश्विद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल, महात्मा गांधी उद्यान एवं वानिकी विश्व विद्यालय के कुलपति आरएस कुरील सहित कुसं संघ के पदाधिकारी गण और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसान संघ की ओर से अध्यक्ष वीरेंद्र लोहान ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। **कश्मीरी एप्पल का सीएम ने चखा स्वाद**- इस मौके पर उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में प्रदर्शित एग्जॉटिक फ्रूट्स जैसे रोज़ वैक्स एप्पल, कश्मीरी एप्पल बेर एवं पैशन फ्रूट की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्टॉल भ्रमण के दौरान रोज़ वैक्स एप्पल का और कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कश्मीरी एप्पल बेर का स्वाद चखा। साथ ही मुख्यमंत्री ने ऑयल पाम की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहला कार्यक्रम है, जिसमे किसानों के बीच शामिल होने का मौका मिला। किसानों के परिश्रम और प्रगतिशील सोच का परिणाम है जिसके कारण प्रदेश में छत्तीसगढ़ के किसानों का नाम रौशन हुआ। यह बहुत ही गर्व की बात है। यह किसानों की मेहनत और तकनीकी ज्ञान का ही फल है जिसके कारण दूध, फल, सब्जी छत्तीसगढ़ में ही नहीं प्रदेश में भी मांग हो रही है। किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर और आगे बढ़े हम सब छत्तीसगढ़ को उन्नत प्रदेश बनाना चाहते हैं, इसमें आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा की यहां के किसान बहुत उन्नत है। उन्होंने कहा की यहां की पानी, मिट्टी और लोगों में क्षमता है की वह आने वाले समय में प्रदेश का विकास कर सके।

**न्यायालय तहसीलदार मनोरा जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202309030100012/107/अ-19(3)/2022-23

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम केसरा प.ह.न.17 तहसील मनोरा, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय मनोरा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग रायपुर से प्राप्त निर्देश दिनांक 16.08.2022 तथा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर, अटल नगर रायपुर के पत्र क्र. एफ-28/2022/38-1 नवा रायपुर दिनांक 23.08.2021 की प्रति संलग्न करते हुये शासकीय नवीन महाविद्यालय की स्थापना हेतु ग्राम केसरा, तहसील मनोरा, स्थित भूमि खसरा नं. 92/2/क रकबा 4.108 हे. घास मद की भूमि की मांग हेतु प्रस्तुत ज्ञापन पर कलेक्टर महोदय जशपुर द्वारा आवेदित भूमि आवेदक विभाग को अग्रिम आधिपत्य में दिये जाने के आदेश सहित प्रकरण प्रावधान अनुसार आबंटन की कार्यवाही पूर्ण कराते हुये विस्तृत जांच प्रतिवेदन सहित प्रकरण वापस उपलब्ध कराने के निर्देश सहित प्राप्त हुआ है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 17/01/2024 को तहसील न्यायालय मनोरा में नियत है। जिसमे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार- मनोरा**
**जिला-जशपुर (छ.ग.)**

### कांग्रेस नेताओं ने .....

का मुख्य आरोपी बप्पा गांगुली के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, साथ ही नगर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य की लगातार असीम राय द्वारा शिकायत की जा रही थी, जिस कारण वह असीम राय से नाराज था और उसने हत्या की सजीस रची। **पत्नी ने मांगी बच्चे के लिए नौकरी**- प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप तथा क्षेत्र के विधायक विक्रमदेव उसेंडी भाजपा नेता असीम राय के गृह ग्राम पीव्ही 28 चांदीपुर पहुंचे और उनके छायाचित्र में पुष्पांजलि देकर उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उनकी पत्नी ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के साथ-साथ पुत्र के लिए नौकरी की मांग की। इस दौरान प्रेस से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा की आरोपियों पर विधि संवत कार्रवाई की जाएगी। भाजपा के स्थानीय संगठन द्वारा भी उपमुख्यमंत्री से गांव-गांव में भाजपा नेताओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की मांग की। सर्व आदिवासी समाज की ओर से आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग की गई। बंग समाज द्वारा असीम राय के पुत्र को नौकरी की मांग की गई। **गांव की पुरानी रंजिश थी**- जितेन्द्र बैरागी वर्तमान में ग्राम पंचायत चांदीपुर के उपसरपंच है और पंचायत का पूरा काम इन्हीं के द्वारा देखा जाता रहा है। ग्राम पंचायत चांदीपुर असीम राय का गृह ग्राम है और वे इस पंचायत के सरपंच रह चुके है। गांव में इनका असीम राय के साथ विवाद था, जिस कारण वे असीम राय को मारना चाहते थे। इन तीनों ने हत्या की साजिश रची।

### 2014 में भी मारी .....

रिपन द्वारा 2014 में असीम राय को गोली मारी गई थी, जिसमें उसकी जान बच गई थी। इन दोनों ने नीलरतन मंडल, जयंत विश्वास तथा शूटर विकास तालुकदार से संपर्क कराया और 7 लाख में मामला सेटल हुआ, जिसका भुगतान बप्पा गांगुली तथा विकास पाल के द्वारा किया गया। इस दौरान पैसे के लेन-देन में सोमेन मंडल ने भी बड़ी भूमिका अदा की। विकास तालुकदार ने अपने साथी गोपी दास के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। इस मामले में आरोपियों को 7 लाख का भुगतान किया गया, जिसमें से आरोपियों द्वारा 1 लाख में देशी पिस्टल खरीदा गया और बची राशि को आपस में बांट ली।

### ये गिरफ्तार.....

शिवचरण बाला (46) साकिन पीव्ही. 36 चांदीपुर, सुमीत मांझी पिता स्व. अनिल मांझी (32) साकिन पी.व्ही. 36 चांदीपुर, तपन मंडल पिता निरापद मंडल (46) साकिन पी.व्ही. 36 चांदीपुर, गोपी दास पिता स्व. गंगाधर दास (31) निवासी पीव्ही 121 को गिरफ्तार किया गया। वहीं शूटर विकास तालुकदार पिता विश्वनाथ तालुकदार साकिन पी. व्ही. 82 थाना बांदे फरार है, जिसे गिरफ्तार करने के लिए एक टीम महाराष्ट्र और दूसरी टीम तेलांगना में तलाश कर रही है।

### बंगाल के एक और मंत्री ...

लोगों को गलत तरीके से नगर निगम में भर्ती करने का आरोप है, जिसकी केंद्रीय जांच ब्यूरो और ईडी जांच कर रही हैं। पिछले साल अगस्त में सीबलीआई ने भी बोस को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन उन्होंने दावा किया कि उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है।

### नकली खाद का होलसेल...

उस समय बंद थी। दुकान के संचालक को जब फोन पर संपर्क साधा गया, तो वह कहीं और होने का बहाना बनाते हुए मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद टीम गोदाम पहुंची, वहां भी ताला लगा हुआ था। टीम ने इसके बाद दुकान के मालिक रोहित कुमार बंछोर से मोबाइल पर संपर्क साधा, जिसके बाद उसकी मौजूदगी में गोदाम का ताला तोड़ा गया। दुकान से यूरिया के 187 बोरे, पोटाश के 12, ग्रोमोर खाद के 12 बोरों के साथ 3 सौ से ज्यादा अन्य खाद पावडर भरे मिले हैं।

### पॉवर कंपनी नए टैरिफ...

अपने पास रखा है। इस विभाग की पहली बार शुक्रवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री ने समीक्षा की। बैठक में सबसे पहले वितरण कंपनी के बारे में जानकारी ली गई। कंपनी के कामकाज के साथ उपभोक्ताओं को मिल रहे लाभ के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई। प्रदेश में कृषि पंपों की स्थिति को लेकर भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को पूरी बिजली मिल रही है या नहीं इसके बारे में अधिकारियों से पूछा। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ताओं को पूरी बिजली लगातार देने की भी बात की है। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि नए टैरिफ के लिए बिजली नियामक आयोग में याचिका लगाने का काम चल रहा है।

### आयोग को भेजा जाएगा...

कितना राजस्व मिलेगा और उसको कितने राजस्व की कमी होगी। आयोग इसकी समीक्षा करने के बाद तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितना राजस्व लगेगा और कितना मिलेगा और कितने की कमी होगी। इस कमी के हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा।

### बाइक पेड़ से टकराई...

एक नाबालिग भी शामिल है, घर वापस आ रहे थे। तभी उनकी मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 17 केयू 7592 पेड़ से टकराकर नीचे खेत में गिर गई। जिसके चलते उसमें सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। रात्रि होने के कारण कोई देख नहीं सका, जिसके चलते घायलों को समय पर सहायता नहीं मिल पाई। सुबह होने पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बड़ांजी थाना पुलिस को दी।

**कार्यालय, प्रबंधक शासकीय पशु / बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग )**

**// पशु नीलामी की सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय पशु/बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया जिला - गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही छ.ग. के अनुपयोगी एवं छंटनीकृत पशुओं की नीलामी दिनांक 17/01/2024 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 10 बजे से किया जावेगा। इच्छुक व्यक्ति जो अनुपयोगी पशुओं (गाय / बछिया / बछड़ा / बकरिया ) क्रय करना चाहते है वे निर्धारित धरोहर राशि रू. 500/- ( पांच सौ रू. मात्र) नीलामी के पूर्व जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

असफल बोलीदार की धरोहर राशि नीलामी के पश्चात वापस कर दी जावेगी । अधिकतम बोली वाले सफल बोलीदार को पशु नीलामी की पूरी राशि जमा कर उसी दिन पशु / पशुओं को ले जाना होगा।

पशुओं एवं नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते है।

**प्रबंधक**
**शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया**
**जिला - गौरेला पेंड्रा मरवाही (छ.ग.)**
**मो.न. 9329886867**

जी-07089/1

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**// सूचना-पत्र //**

क्रमांक / 115 / रीडर -1 / अ.वि.अ./2024
पामगढ़, दिनांक 11/01/2024

प्रति
श्रीमति सविता शर्मा पति स्व. सुरेन्द्र कुमार शर्मा मुकाम व पोस्ट- तेलीपारा, बिलासपुर आर.के. बूट हाउस वाली गली तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)।

विषय :- प्रकरण के संबंध में सूचना ।

एतद् द्वारा दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आप को सूचना दी जाती है कि आवेदिका/अपीलार्थिनी प्रीति उर्फ प्रतिभा पिता केजूलाल शुक्ला जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम जूना बिलासपुर तहसील व जिला - बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में तहसीलदार पामगढ़ के रा.प्र.क्र. आर.डी. 202223540030460000 5/ अ-6/2022-23 में पारित दिनांक 07/06/2023 के विरूद्ध अपील पेश किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 24/01/2024 को नियत है।

अतः उक्त तिथि में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होवें । नियत समयावधि में उपस्थिति नहीं होने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पामगढ़**

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal :- https://eproc.cgstate.gov.in
**:- निविदा निरस्तीकरण सूचना -:**

आदेश क्रमांक 128 / व.ले.लि. / 2023-24 / गरियाबंद दिनांक 12/01/2024

निविदा क्रमांक 13 / व. ले.लि. / 2023-24 दिनांक 05.10.2023 सिस्टम क्रमांक 148989 प्रथम आमंत्रण इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित गरियाबंद जिले के पैरी घुम्मर व्यपवर्तन योजना की दांयी तट नहर निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण की ऑनलाईन निविदा में एक ही प्रतिभागी निविदाकार को योग्य पाये जाने से प्रतिस्पर्धा का अभाव एवं एकल निविदा की स्थिति निर्मित होने के फलस्वरूप उक्त निविदा को निरस्त किया जाता हैं।

विज्ञापन क्रमांक 06087/ दिनांक 05.10.2023

**कार्यपालन अभियंता**
**. जल संसाधन विभाग गरियाबंद**
**कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार**
**रायपुर (छ.ग.)**

जी-07087/2

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बिलासपुर छ.ग.**
दूरभाष नं. 07752-225545 फैक्स नं. 07752-225545
E-mail id actd.bilaspur@nic.in

क्रमांक/ प्रयास /निविदा/2023-24 / 2596 बिलासपुर दिनांक 11/01/2024

प्रयास आवासीय विद्यालय रमतला बिलासपुर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा गार्ड हेतु "रूचि की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण वर्ष 2023-24

**-: विज्ञप्ति :-**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय ( बालक खण्ड एंव बालिका खण्ड) रमतला बिलासपुर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु 03पुरूष एवं 03 महिलासुरक्षा गार्ड वर्ष 2023-24 (एक वर्ष) के लिए रूचि की अभिव्यक्ति के तहत पंजीकृतसुरक्षा एजेंसी से निविदा आमंत्रित किया जाता है । निविदा प्रपत्र,रू.1000.00 नगद / डी0डी0 ( सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बिलासपुर ) के नाम जमा करनेपर अधोहस्ताक्षर कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है ।

निविदा फार्म बंद लिफाफे में स्वीकार किये जायेंगे, लिफाफा "अ" में तकनीकि दस्तावेज एवं लिफाफा "ब" में वित्तिय प्रस्ताव देना होगा। रू. 50000/- की प्रतिभूति राशि का डी. डी. जो सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बिलासपुर के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट बिलासपुर शाखा पर देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। जो तकनीकि दस्तावेज के साथ लिफाफा "अ में रखने होंगे।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 22/01/2024 ( सोमवार) सायं 05:00 तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 29/01/2024 (सोमवार) अपरान्ह 03:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि - 29/01/2024 (सोमवार) अपरान्ह 04:00

(स्थान की सूचना पृथक से दी जायेगी)

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास बिलासपुर (छ.ग.)**

जी-07086/2

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमंडल खैरागढ़**
**जिला - खैरागढ़ - छुईखदान - गंडई (छग)**
E_mail:- khairagarhdfo@yahoo.com, Phone & Fax - 07820-234278

निविदा सूचना क्रमांक/व.म.अ./ राजस्व / 2023-24 / खैरागढ़, दिनांक 10.01.2024

**// सबई रस्सी के क्रय हेतु संशोधन निविदा सूचना //**

पूर्व में जारी किये गये सबई रस्सी के प्रकाशन में संशोधित किया जाता है ।

| स्थल | प्रथम निविदा तिथि | द्वितीय निविदा तिथि | तृतीय निविदा तिथि | निविदा प्राप्ति का समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी, खैरागढ़ वनमण्डल पूर्व में जारी | 18 जनवरी 2024 | 23 जनवरी 2024 | 30 जनवरी 2024 | 01:00 बजे तक | 3:00 बजे अपरान्ह से |
| कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी, खैरागढ़ वनमण्डल संशोधित तिथि | 05 फरवरी 2024 | 20 फरवरी 2024 | 29 फरवरी 2024 | 01:00 बजे तक | 3:00 बजे अपरान्ह से |

**वनमण्डलाधिकारी,**
**खैरागढ़ वनमण्डल खैरागढ़**

जी-07052/5

प्रपत्र सं0-1

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, देवघर**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

अल्पकालीन ई-निविदा प्रसंग सं0- NH/DEOGHAR /SBD/06/2023-24 दिनांक:- 12.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Strengthening/IRQP work of remaining part of NH-80 from ch. 193.000 to ch. 215.000 (Total Length - 22.000 km) under National Highway Division Deoghar for the year 2023-24. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 15,60,48,651.21 |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 मह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषित होने की तिथि एवं समय | 20.01.2024 (11:00 Hrs) |
| 5. | वेबसईट पर निविदा उपलब्धता की अंतिम तिथि एवं समय | 05.02.2024 (12:00 Hrs) |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.02.2024 (12:30 Hrs) |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, देवघर |
| 8. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8789224908 |
| 9. | ई-प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर (रा0 उ0 पथ उपभाग, झारखण्ड) | 0651-2402014 |

ऑन लाइन निविदा के लिए वेबसाईट e-tendering portal of MORTH https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर देखें।

ह0/-
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, देवघर

PR315939 (Deoghar)23-24*D

**पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर**
(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्रमांक 26 / 2004 द्वारा स्थापित)

नैक के द्वारा A+ ग्रेड प्रदत्त एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा श्रेणी-2 स्वायत्तता प्रदत्त विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारंभ 01 जनवरी, 2024 (प्रवेश तिथि में वृद्धि नहीं की जाएगी।)

- विशेष सूचना -
इस विश्वविद्यालय के सभी अध्ययनरत् प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र के आधार पर प्रवेश ले सकते हैं।

अंतिम तिथि 29 फरवरी, 2024 (प्रवेश तिथि में वृद्धि नहीं की जाएगी।)

प्रवेश-सूचना : जनवरी से दिसंबर सत्र - 2024 के लिए

पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति U.G.C.-D.E.B. द्वारा प्राप्त।

स्नातक पाठ्यक्रम: 1. बी.कॉम 2. बी.एस-सी (गणित) 3. बी.लिब एण्ड आई.एस-सी 4. बी.बी.ए. 5. बी.एड. (प्रवेश परीक्षा द्वारा चयन कार्यक्रम बाद में घोषित किया जावेगा।)

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम: 6. संस्कृत 7. हिंदी 8. अँग्रेज़ी 9. समाजशास्त्र 10. राजनीति विज्ञान 11. छत्तीसगढ़ी भाषा 12. एम.ए. शिक्षा 13. एम.कॉम. 14. एम.एस.डब्ल्यू. 15. एम.एस-सी (कम्प्यूटर साइंस) 16. एम.एस-सी (गणित)

पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम: 17. लेबर लॉ. एण्ड वेलफेयर 18. पी.जी.डी.सी.ए.

डिप्लोमा पाठ्यक्रम: 19. रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान 20. डी.सी.ए. 21. योग साइंस 22. डी.एल.एड. (प्रवेश परीक्षा द्वारा चयन कार्यक्रम बाद में घोषित किया जावेगा।)

सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम: 23. गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (GST)

पाठ्यक्रम संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अपने निकटतम अध्ययन केंद्र में सम्पर्क करें या मोबाइल नं. : 9340941679, 6264117181 लॉग-इन करें वेबसाइट - www.pssou.ac.in


## राशिफल


**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।


**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।


**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।


**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।



**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

### अब क्यूआर कोड से मिलेगी वाहन मालिक की जानकारी कारों से होगी शुरुआत

रायपुर। वाहन मालिकों की क्विक जानकारी हासिल करने ट्रैफिक पुलिस स्मार्ट सिटी तथा नगर निगम के साथ मिलकर क्यूआर कोड लगाने की तैयारी कर रही है। वाहनों में क्यूआर कोड लगाने की शुरुआत करने जा रही है। कारों में क्यूआर कोड लगाने का आभियान 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित ट्रैफिक सुरक्षा माह में शुरू किया जाएगा। कारों में क्यूआर कोड लगने से वाहन मालिक के बारे में पूरी जानकारी ट्रैफिक पुलिस को ऑन द स्पॉट मिल जाएगी। कारों में क्यूआर कोड कार के विंड स्क्रीन पर लगाया जाएगा। ट्रैफिक एएसपी सचिंद्र चौबे के मुताबिक कार में क्यूआर कोड लगाने से एक बड़ा फायदा यह होगा कि ट्रैफिक पुलिस के जवान अपने मोबाइल से क्यूआर कोड को स्कैन कर वाहन मालिक के बारे में मोबाइल नंबर सहित पूरी जानकारी हासिल कर पाएगा। अफसर के मुताबिक क्यूआर कोड को ट्रैफिक पुलिस को छोड़ कोई दूसरा स्कैन नहीं कर पाएगा।

### शब्द पहेली - 5393



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5392 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | ल | शा | ली | | रु | ख | सा | र | |
| अ | न | | ली | | प | त | न | | जा | न |
| न | | ज | मा | दा | र | | न | म | | फा |
| म | ग | रु | र | | | आ | | द | र | स |
| ना | | र | | अ | ज | ग | र | | वा | त |
| | मि | त | वा | | ही | | स | प | ना | |
| म | ल | | दा | वा | न | ल | | रा | | फि |
| त | न | य | | ल | | | ह | ज | र | त |
| ल | | म | त | | का | र्या | ल | य | | र |
| बी | ज | | म | का | न | | च | | सा | त |
| | य | ल | गा | र | | ब | ल | शा | ली | |

### सूडोकु नवताल - 5403

✶✶✶✶✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5402 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप



### हनुमा ने छोड़ी रणजी में आंध्र की कप्तानी

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी मौजूदा रणजी ट्राफी में आंध्र टीम की अगुआई नहीं करेंगे क्योंकि गुरुवार को वह कप्तानी से हट गए। शुक्रवार को आंध्र के ग्रुप बी मैच में मुंबई के खिलाफ रिकी भुई टीम की अगुआई कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विहारी का यह निजी फैसला थी और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान लगाना चाहते थे। विहारी ने बंगाल के खिलाफ ड्रा रहे पहले मैच में 51 रन बनाए थे। विहारी ने 16 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक से 33.56 के औसत से 839 रन बनाए हैं।

### सेंटनर पहले टी20 मैच से बाहर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में



नहीं खेल पाए। यह 31 साल का खिलाड़ी शुक्रवार सुबह जांच में वायरस से संक्रमित पाया गया। इसकी पुष्टि के बाद उन्हें टीम होटल में अलग रखा गया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 'एक्स' पर कहा, 'सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आने के बाद आज शाम पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती केएफसी टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए ईडन पार्क की यात्रा नहीं करेंगे।'

### श्रीलंका क्रिकेट को बैन हटने की उम्मीद

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ जैफ अलार्डिस ने हाल ही में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और खेलमंत्री हारिन फर्नांडो से 'सार्थक'




बातचीत की है जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने उस पर लगा अंतरराष्ट्रीय निलंबन वापिस लिए जाने की उम्मीद जताई है। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के कामकाज में राजनीतिक दखल का हवाला देकर पिछले साल नवंबर में उसे निलंबित कर दिया था। श्रीलंका में होने वाला अंडर 19 विश्व कप भी दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कराने का फैसला लिया गया।

### अश्विनी-तनीषा की जोड़ी अंतिम आठ में हारी

**कुआलालंपुर।** भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000



बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गई। यह भारतीय जोड़ी की विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज जापान की जोड़ी के खिलाफ दूसरी हार थी।

### विश्व कप टीम में जगह बनाने पर नजरें

**मोहाली।** चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन



करके जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है। अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, 'मेरा काम अपना शत प्रतिशत देना है। मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा। अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है।'



**अभ्यास सत्र...** रांची। शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में चिली के खिलाफ एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 मैच से पहले प्रशिक्षण सत्र के दौरान जर्मन हॉकी खिलाड़ी।

## मलेशिया ओपन : लगातार दूसरे सेमीफाइनल में बनाई जगह

# सात्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम-4 में पहुंची, अश्विनी और तनीषा बाहर

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर



विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची। पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी।

### तेज रैली से जीता मैच

सात्विक और चिराग के लिए बीता साल (2023) छह खिताबों के साथ शानदार रहा था उन्होंने उस लय को इस टूर्नामेंट में जारी रखा है। चीन की इस जोड़ी ने पिछले साल चाइना मास्टर्स में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन सात्विक और चिराग की तेज रैली का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट 1**

भारतीयों ने अपने नियंत्रण और खेल से चीन की जोड़ी को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और शुरुआती गेम में 7-0 की बड़ी बढ़त बना ली। ब्रेक के समय सात्विक और चिराग 11-2 से आगे थे और पहला गेम जल्दी ही ख़त्म कर दिया। ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी 11-2 से आगे थी। ब्रेक के बाद चीन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश लेकिन चिराग और सात्विक के सामने उनकी एक ना चली।

**सेट 2**

भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी अपनी गति जारी रखी और ब्रेक तक 11-4 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी को 2 मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे मौके पर ही इसे भुनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

## ओलंपिक क्वालीफायर

# हॉकी: भारत का पहला मैच आज, अमेरिका देगा चुनौती



**रांची।** एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम की नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी। मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे । दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है।न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है।

### ग्रुपवार टीमें

**पूल ए :** जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य

**पूल बी :** भारत, न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका

### न्यूजीलैंड से मैच कल

अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

### 15 मैच मैच में 9 हारे

भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे। रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है।

### अच्छे प्रदर्शन का यकीन

भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम एशियाई खेलों के जरिए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए लेकिन अब वह बीती बात है। हमें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। हमें पहले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अगर ऐसा कर सके तो हम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे।'

### चोटिल वंदना के हटने से लगा झटका

टूर्नामेंट से नौ दिन पहले भारत की अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया अभ्यास के दौरान चेहरे की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गई। हाल ही में भारत के लिए 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाली वंदना फॉरवर्ड पंक्ति की धुरी थी। उनकी जगह बलजीत कौर ने ली। टीम को वंदना की कमी खलेगी जो एक दशक से भारतीय टीम का अभिन्न अंग रही है और रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक तक सारे बड़े टूर्नामेंट खेले हैं। वह ओलंपिक में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

# श्योराण को ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण, तोमर ने जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता



भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

श्योराण ने 460.2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं टोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किए। चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं।

# न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में पाक को 46 रन से हराया

**ऑकलैंड।** डेरिल मिचेल और केन विलियमसन के आक्रामक अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को पाकिस्तान पर 46 रन से जीत दर्ज की। मिचेल ने 27 गेंदों में 61 रन बनाए जबकि विलियमसन ने 42 गेंदों में 57 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 78 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने पहले



बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 226 रन बनाए। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ यह न्यूजीलैंड का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। पाकिस्तान पूर्व कप्तान बाबर आजम (57) की मौजूदगी तक लक्ष्य हासिल करने की दौड़ में बनी थी लेकिन 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही न्यूजीलैंड ने शिकंजा कस दिया।

### शरत और साथियान पेश करेंगे चुनौती

**मापुसा।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन देश के 39 अन्य टेनिस खिलाड़ियों के साथ आगामी डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर के एकल क्वालीफायर में चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र 23 से 28 जनवरी तक यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की



शीर्ष विश्व रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई सहित देश के नौ खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। क्वालीफाइंग दौर में भारत के 32 खिलाड़ियों को जगह मिली है जिससे कुल खिलाड़ियों की संख्या 41 हो गई है जो पिछले साल से एक अधिक है।

### अवनि को आस्ट्रेलियन गोल्फ में दूसरा स्थान




**मेलबर्न।** भारत की अवनि प्रशांत आस्ट्रेलियाई मास्टर्स आफ अमैच्योर्स गोल्फ चैंपियनशिप के चौथे और आखिरी दौर में तीन अंडर 70 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर रही। फिलीपींस की रियाने मिखाएला मालिक्सी उनसे एक शॉट आगे रही। अवनि ने कुल छह अंडर 286 स्कोर किया जबकि मालिक्सी का स्कोर सात अंडर 285 रहा। जापान की निका इतो तीसरे और आस्ट्रेलिया की लियोन हिगो चौथे स्थान पर रही। अवनि पिछले साल इसी टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रही थी।

# आस्ट्रेलियन ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंचे सुमीत नागल



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के सुमित नागल स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं।

नागल ने दो घंटे तीन मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी ने दूसरे सेट के दसवें गेम में 30-40 पर डबलफाल्ट किया। नागल का सामना पहले दौर में दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक से होगा।

इस समय विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर काबिज नागल 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे। उन्हें 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस ने हराया था। नागल 2019 और 2020 में अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ में भी पहुंचे थे। उन्होंने 2019 अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ एक सेट जीता था हालांकि वह मुकाबला हार गए थे। इसके बाद अगले साल वह दूसरे दौर तक पहुंचे थे जिसमें उन्हें डोमिनिक थिएम ने हराया जिन्होंने बाद में खिताब जीता।

## एशियन कप : भारतीय टीम 2011 और 2019 में ग्रुप चरण में हो गई थी बाहर

# आस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला फुटबॉल मैच

एजेंसी ▶▶| अल रेयान



भारत के लिए एएफसी एशियाई कप के नॉकआउट दौर में जगह बनाना मुश्किल लग रहा है लेकिन असंभव नहीं है और टीम यहां शुरुआती ग्रुप मैच में खिताब की दावेदारों में शुमार आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारतीय टीम पिछली दो बार 2011 और 2019 में भी ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। इस बार भी उसके सामने कठिन चुनौती होगी क्योंकि उसे ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है।

भारत की इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के राउंड 16 में जगह बनाने की उम्मीद 23 जनवरी को सीरिया के खिलाफ मैच पर निर्भर करेगी क्योंकि आस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान (18 जनवरी) कौशल के मामले से उससे काफी ऊपर हैं। सीरिया के खिलाफ जीत भारत को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचा सकती है जिससे उसके पास नॉकआउट दौर में जगह बनाने का मौका बन सकता है क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी और साथ ही छह ग्रुप में से सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम भी राउंड 16 नॉकआउट दौर में जगह बनायेंगी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक और कप्तान सुनील छेत्री पहले ही संकेत दे चुके हैं कि आस्ट्रेलिया (25वीं रैंकिंग) और उज्बेकिस्तान (68वीं रैंकिंग) को हराना मुश्किल है, ये दोनों ग्रुप में शीर्ष दो स्थान हासिल करने की दावेदार हैं।

### नॉकआउट में जगह बनाना बड़ी उपलब्धि

भारत ने 2007 और 2009 नेहरू कप टूर्नामेंट में सीरिया को हराया हुआ है जिससे छेत्री की अगुआई वाली 102वीं रैंकिंग टीम को उम्मीद की किरण दिखती है। अगर भारत नॉकआउट में जगह बना लेता है तो यह देश के लिए और छेत्री के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी जो अंतिम दफा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पांचवीं बार एशियाई कप में खेल रहा भारत 2019 में पिछले चरण में ऐसा करने के काफी करीब पहुंच गया था। छेत्री का यह तीसरा एशियाई कप है। 39 वर्ष का यह करिश्माई स्ट्राइकर 2011 और 2019 में इस टूर्नामेंट में खेला था और उन्होंने छह मैच में चार गोल दागे थे जो किसी भारतीय के इसमें सर्वाधिक गोल थे।

# हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे डेविड वॉर्नर



**सिडनी।** टेस्ट क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास का जश्न जारी है और यह आक्रामक बल्लेबाज बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए मैच खेलने हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे। हंटर वैली में अपने भाई की शादी से वॉर्नर सीधे हेलिकॉप्टर से आए जिस पर 'थैंक्स डेव' लिखा था। थंडर के तेज गेंदबाज गुरिंदर संधू ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'वह हमारे लिए खेलने के लिए काफी मेहनत कर रहा है।' वॉर्नर ने पिछले सप्ताह अपने घरेलू मैदान एससीजी पर आखिरी टेस्ट खेला जिसमें आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की। वॉर्नर वनडे को अलविदा कह चुके हैं लेकिन टी20 खेलते रहेंगे।




# मां, बेटी व पिता की हत्या में शामिल दुर्दांत नक्सली कमाण्डर मुठभेड़ में ढेर

## नक्सली के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास व अपहरण के कई मामले थे दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दुर्दांत नक्सली तोया पोटाम को मार गिराया। पुलिस ने मौके से मारे गए नक्सली का शव के अलावा हथियार, विस्फोटक व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है। आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि थाना गंगालूर स्थित पुसनार के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 1 लाख का इनामी जनमिलिशिया कमाण्डर तोया पोटाम ऊर्फ सोमलू पिता बक्का (30), निवासी पुसनार थाना गंगालूर को ढेर कर मौके से हथियार, विस्फोटक व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि गुरूवार को गंगालूर क्षेत्र के पुसनार जंगलों में गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी है। सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर एवं सीआरपीएफ 85 बटालियन की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी ।

**मारे गए माओवादी के खिलाफ चार स्थायी वारंट**

आईजी सुदंरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ में ढेर माओवादी द्वारा थाना गंगालूर क्षेत्र के पुसनार निवासी एक ही परिवार के पिता को माह अप्रैल 2023 में हत्या करने के बाद मां व बेटी को माह अगस्त 2023 में अपहरण कर हत्या कर शव को नदी में बहा दिया गया था।



### 3 से 4 माओवादी घायल

सर्च अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर पुसनार के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुआ, जिसमें जनमिलिशिया कमाण्डर तोया पोटाम ऊर्फ सोमलू को मार गिराने में पुलिस को सफलता मिली। वहीं मुठभेड़ में 3-4 अन्य माओवादियों के घायल होने की संभावना है। आईजी ने बताया कि मारे गए माओवादी के खिलाफ छग शासन द्वारा एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं उस पर आईजी की ओर से 30 हजार व एसपी बीजापुर की ओर से 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

# 2050 तक भारत का हर 5वां शख्स होगा बुजुर्ग

**नई दिल्ली**। भारत में 1 जुलाई 2022 तक 14.9 करोड़ (कुल आबादी का 10.5 प्रतिशत) आबादी बुजुर्ग थी। यहां 2050 में बुजुर्ग आबादी बढ़कर 34.7 करोड़ (कुल आबादी का 20.8 प्रतिशत) हो जाएगी। यानी 2050 में हर पांच में एक शख्स बुजुर्ग होगा। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन सांइसेस एंड यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड द्वारा प्रकाशित इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 में यह जानकारियां दी गई हैं। जीवन प्रत्याशा में सुधार और प्रजनन दर में गिरावट के कारण दुनियाभर में आबादी की रूपरेखा बदल रही है। 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र वाली आबादी को वृद्ध माना जाता है। दुनियाभर में ऐसी आबादी 2022 के 110 करोड़ के मुकाबले 2050 में लगभग दोगुनी 210 करोड़ हो जाएगी। इस अवधि में यह वृद्धि विकसित देशों में 26% से बढ़कर 34% होगी, जबकि कम विकसित देशों में 11.5% से बढ़कर 20% होगी।

# ब्रुनेई के राजकुमार ने की आम लड़की से शादी

नई दिल्ली। एशिया के सबसे एलिजिबल बैचलर माने जाने वाले ब्रुनेई के राजकुमार अब्दुल मतीन ने शादी कर ली है। उन्होंने देश की राजधानी बंदार सेरी बेगावन में सोने के गुबंद वाले सुल्तान उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद में गैर शाही परिवार से आने वाली एक साधारण लड़की से शादी की. शादी का भव्य कार्यक्रम 10 दिनों तक चलने वाला है और गुरुवार को शादी के बाद एक भव्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रिंस मतीन की आम लड़की से शादी को वैध करार दिया गया। 32 साल के प्रिंस मतीन की शादी 29 साल की अनीशा रोस्ना ईसा-कालेबिक से हुई है। दोनों का विवाह समारोह 16 जनवरी को समाप्त होगा। प्रिंस मतीन एक बेहतरीन पोलो खिलाड़ी हैं। साथ ही वो एक ट्रेंड हेलिकॉप्टर पायलट भी हैं। लड़कियों के बीच उनकी लोकप्रियता काफी ज्यादा है और इंस्टाग्राम पर उनके 25 लाख फॉलोवर्स हैं।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com